शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 230 | गुवाहाटी | मंगलवार, 19 मार्च, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

इंडी गठबंधन ने शक्ति की अवधारणा को समाप्त करने की घोषणा कर ... पेज 2
अगप-भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने की संयुक्त बैठक पेज 3
लोस चुनाव-2024 : इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया में आचार संहिता... पेज 5
शादाब खान ने शाहीन अफरीदी का किया बचाव, कहा - एक हार के बाद... पेज 7

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

सुप्रभात

स्वाभिमानी व्यक्ति प्रतिकूल विचारों को सम्मुख रखकर दुबारा उन पर विचार करें।

- आचार्य चाणक्य

सीएए के तहत तीन से पांच लाख लोग आवेदन करेंगे : सीएम

गुवाहाटी। नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए को लेकर देश के अलग अलग राज्यों से अलग अलग प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। कुछ राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने सीएए को खारिज किया है, तो कुछ राज्य इस कानून को लागू करने के लिए पूरी तैयारी कर चुके हैं। इसी कड़ी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में करीब तीन-पांच लाख लोग सीएए के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करेंगे। सीएम शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के तहत 7 लाख मुसलमानों और 5 लाख हिंदू-बंगालियों को बाहर रखा गया है, जो सीएए के तहत देश में नागरिकता के लिए आवेदन करेंगे। सीएम ने कहा कि कई हिंदू-बंगाली अलग-अलग समय पर भारत आए थे और शरणार्थी शिविरों में रुके थे। उन्होंने कहा कि एनआरसी सूची को जब तैयार किया गया था तो *प्रतीक हजेला* नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स के असम राज्य समन्वयक ने उनके शिविरों में रहने के प्रमाण के रूप में एक स्टाम्प पेपर को स्वीकार नहीं किया था, जिसके कारण कई हिंदू-बंगालियों के नाम एनआरसी में शामिल नहीं किए गए। सीएम शर्मा ने दावा किया कि सीएए के तहत राज्य में आवेदन तीन से पांच लाख होंगे, जिसमें 10 प्रतिशत त्रुटि की संभावना होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर आवेदन होने की उम्मीद नहीं है। सीएम ने कहा कि इतने लंबे समय तक राजनीति में रहने के बाद राज्य पर मेरी पकड़ काफी मजबूत हो गई है। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एनआरसी 31 अगस्त, 2019 को प्रकाशित हुआ। 3.4 करोड़ आवेदकों में से 19 लाख को बाहर कर दिया गया। केंद्र सरकार ने संसद द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 को पारित करने के करीब चार साल बाद 11 मार्च को कानून के नियमों की अधिसूचना जारी करने के साथ इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। इसके तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारत की नागरिकता दी जाएगी। आपको बता दें कि 31 अगस्त, 2019 को सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) तैयार हुआ था। इसके बाद केंद्र सरकार ने संसद में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 को पारित कराया। इसके चार साल बाद 11 मार्च 2024 को लागू किया गया। इसके तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए लोगों को भारत की नागरिकता दी जाएगी।

कांग्रेस उम्मीदवारों को भाजपा में ला सकता हूं : हिमंत

गुवाहाटी। असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को दावा किया कि वह लोकसभा चुनाव लड़ रहे एक को छोड़कर सभी कांग्रेस उम्मीदवारों को भाजपा में ला सकते हैं। कांग्रेस उम्मीदवारों को वोट देने का कोई फायदा नहीं है। लोगों को उनसे पूछना चाहिए कि चुनाव के बाद वे कांग्रेस में रहेंगे या नहीं। क्योंकि सभी भाजपा में आना चाहते हैं और एक को छोड़कर, मैं सभी कांग्रेस उम्मीदवारों को लोकसभा लड़वा सकता हूं। शर्मा ने दक्षिण असम के करीमगंज के अपने दौरे के दौरान संवाददाताओं से कहा कि इस बार भाजपा को चुनाव जिताएं, जहां भाजपा ने कांग्रेस के हाफिज राशिद चौधरी के खिलाफ मौजूदा लोकसभा सदस्य कृपानाथ मल्ला को उम्मीदवार बनाया है। हालांकि शर्मा ने उस उम्मीदवार का नाम नहीं बताया, जिसे वह भाजपा में नहीं ला सकते, लेकिन पार्टी के सूत्रों ने कहा कि वह गौरव गोगोई का जिक्र कर रहे थे, जो असम में जोरहाट लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। शर्मा की यह टिप्पणी विधायकों और पूर्व मंत्रियों सहित कुछ कांग्रेस नेताओं के भाजपा में शामिल होने के बाद आई है। वरिष्ठ कांग्रेस विधायक, कमलाक्ष्य डे पुरकायस्थ, जो करीमगंज उत्तर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, हाल ही में भाजपा में शामिल हुए। शर्मा ने पहले कहा था कि कई कांग्रेस नेता उनके संपर्क में हैं और कांग्रेस में *अंधकारमय भविष्य* के कारण भाजपा में शामिल होने के इच्छुक हैं। विपक्षी दल शर्मा को विधायकों और सांसदों को अपनी -शेष पृष्ठ दो पर

न्यूज गैलरी

पुतिन पांचवीं बार बनेंगे राष्ट्रपति

मॉस्को। व्लादिमीर पुतिन ने रिकॉर्ड मतों से रूस राष्ट्रपति पद का एकतरफा चुनाव जीत कर 5वीं बार सत्ता पर कब्जा कर लिया है।रूस के केंद्रीय चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि देश में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में व्लादिमीर पुतिन ने जीत दर्ज की है और उन्होंने रिकॉर्ड मत प्रतिशत के साथ राष्ट्रपति पद का पांचवां कार्यकाल हासिल किया है। सोवियत काल के बाद से विपक्ष और -शेष पृष्ठ दो पर

विकास के एजेंडे पर मतदाताओं से संपर्क करेगा भाजपा गठबंधन

गुवाहाटी। असम में सत्तारूढ़ भाजपा नीत गठबंधन अपनी विकासात्मक गतिविधियों के आधार पर राज्य में मतदाताओं से संपर्क करेगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भाबेश कलिता और असम गण परिषद (अगप) प्रमुख अतुल बोरा ने कहा कि उन्होंने राज्य में चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए एक संयुक्त रोडमैप भी विकसित किया है। गठबंधन के सहयोगी पहले से ही लोगों तक पहुंचने के लिए काम कर रहे हैं। आज, हमने इसे आगे बढ़ाने के लिए -शेष पृष्ठ दो पर

गौहाटी यूनिवर्सिटी : पीजीएसयू और अभाविप में झड़प, कई घायल

गुवाहाटी (हि.स.)। गौहाटी यूनिवर्सिटी (जीयू) में पोस्ट ग्रेजुएट स्टूडेंट यूनियन (पीजीएसयू) और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के बीच हुई झड़प में कई छात्र घायल हो गए। जिसके चलते गौहाटी यूनिवर्सिटी में सोमवार को उत्तेजक स्थिति पैदा हो गई। हालांकि, किसी की स्थिति गंभीर होने की सूचना नहीं है। गौरतलब है कि गौहाटी यूनिवर्सिटी छात्र संगठन ने सोमवार को *सीएए* विरोधी प्रतिवाद किया था। उधर, उस समय गौहाटी यूनिवर्सिटी के बीकेबी प्रेक्षाग्रह में अभाविप के प्रदेश छात्र नेताओं का सम्मेलन चल रहा था। घटना बीकेवी थिएटर के मुख्य द्वार के सामने घटी। अभाविप का दावा है कि वे अपना सम्मेलन ठीक से कर रहे थे। उनका कहना है कि उन्हें पीजीएसयू के आंदोलन से कोई आपत्ति नहीं है -शेष पृष्ठ दो पर

हिमाचल कांग्रेस के छह बागी विधायकों को एससी से राहत नहीं

शिमला। सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के 6 बागी विधायकों की याचिका पर उनकी अयोग्यता को बरकरार रखा। एससी ने विधायकों की याचिका पर नोटिस भी जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्पीकर कार्यालय और विधानसभा सचिवालय को यह नोटिस जारी किया गया है। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने चार हफ्तों में जवाब मांगा है। दरअसल, अयोग्य घोषित करने के स्पीकर कुलदीप -शेष पृष्ठ दो पर

असम सरकार ने आचार संहिता का किया उल्लंघन : कांग्रेस-टीएमसी



गुवाहाटी। असम की विपक्षी पार्टियां कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर चुनाव आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आधिकारिक विज्ञापनों पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की तस्वीरों को एमसीसी का उल्लंघन बताया है। राज्य में कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा टीएमसी प्रमुख रिपुन बोरा ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार को अलग-अलग चिट्ठी लिखी कि जहां दोनों ने अपनी चिंताएं व्यक्त की। कांग्रेस ने रविवार को अपनी शिकायत दर्ज कराई तो वहीं टीएमसी ने सोमवार को चिट्ठी लिखी। भूपेन -शेष पृष्ठ दो पर

छह राज्यों के गृह सचिव हटाने का निर्देश, बंगाल में डीजीपी भी बदले गए

नई दिल्ली। निष्पक्ष लोकसभा चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने सोमवार को गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के गृह सचिवों को हटाने का आदेश दिया। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक को हटाने का भी आदेश दिया गया। यह कदम समान अवसर बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता सुनिश्चित करने के आयोग के कोशिशों का हिस्सा है। इस बीच, चुनाव आयोग के निर्देश पर बंगाल सरकार ने विवेक सहाय को राज्य का नया डीजीपी नियुक्त किया है। साथ ही मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के सामान्य प्रशासनिक विभागों के सचिव को हटा दिया गया है। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के कुछ दिनों बाद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता वाले चुनाव पैनल ने बृहन्मुंबई नगर आयुक्त इकबाल सिंह चहल, अतिरिक्त आयुक्तों और उपायुक्तों को हटाने का भी आदेश दिया। आयोग ने सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिया था कि वे चुनाव संबंधी कार्यों से जुड़े उन अधिकारियों का तबादला करें, जो तीन साल पूरे कर चुके हैं या अपने गृह जिलों में हैं। महाराष्ट्र ने कुछ नगर निगम आयुक्तों और कुछ अतिरिक्त और उप नगर आयुक्तों के संबंध में निर्देशों का पालन नहीं किया था। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को सोमवार शाम छह बजे तक रिपोर्ट देने के निर्देश के साथ बीएमसी और अतिरिक्त एवं उपायुक्तों का स्थानांतरण करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव को महाराष्ट्र में समान रूप से पदस्थापित सभी नगर निगम आयुक्तों और अन्य निगमों के अतिरिक्त या उप नगर आयुक्तों को स्थानांतरित करने का भी निर्देश दिया गया। यह कदम मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की सोमवार को बैठक के बाद आया है।

छह साल के बच्चे को अवारा कुत्तों ने नोचकर मार डाला

जयपुर। राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले के पारसोली थाना क्षेत्र में सोमवार को आवारा कुत्तों के हमले में छह साल के एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपनिरीक्षक प्रेम सिंह खंगारोत ने बताया कि बेगूं तहसील के पारसोली गांव में आयुष (6) जब स्कूल जा रहा था तब कुछ कुत्तों ने उसे घेर लिया। उन्होंने कहा कि जैसे ही बच्चे ने उनसे बचने के लिए भागने की कोशिश की, तो कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया और उसे बुरी तरह से नोंच डाला। उन्होंने बताया कि ग्रामीण बच्चे को कुत्तों से छुड़ा कर नजदीकी अस्पताल ले गए जहां उसने दम तोड़ दिया। कुत्तों के हमले से बच्चे के कई गंभीर घाव हो गए। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया। राजस्थान मानवाधिकार आयोग ने इस घटना -शेष पृष्ठ दो पर

चीन ने फिर बताया अरुणाचल को *अपना स्वाभाविक हिस्सा*

बीजिंग। भारत द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अरुणाचल प्रदेश की यात्रा पर चीन की आपत्ति को खारिज करने के कुछ दिनों बाद चीन की सेना ने प्रदेश पर अपना दावा दोहराते हुए इसे *चीन के क्षेत्र का स्वाभाविक हिस्सा* बताया है। आधिकारिक मीडिया ने यहां अपनी खबर में कहा कि चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग जियाओगांग ने कहा है कि जिजांग (तिब्बत का चीनी नाम) का दक्षिणी भाग चीन के क्षेत्र का एक अंतर्निहित हिस्सा है और *बीजिंग भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश* को कभी स्वीकार नहीं करता और इसका दृढ़ता से विरोध करता है। चीनी रक्षा मंत्रालय की वेबसाइट पर शुक्रवार को साझा की गई एक खबर के अनुसार, झांग ने अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग के माध्यम से भारत द्वारा अपनी सैन्य तैयारी बढ़ाने के जवाब में -शेष पृष्ठ दो पर

भारतीय सेना ने बनाई विशिष्ट तकनीकी यूनिट

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने एक विशिष्ट तकनीकी यूनिट सिग्नल्स टेक्नोलाजी एवेल्यूशन एंड एडाप्शन ग्रुप (एसटीईएजी) का गठन किया है जो डिफेंस एप्लीकेशन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 5जी, 6जी जैसी भविष्य की संचार तकनीकों, मशीन लर्निंग, क्वांटम टेक्नोलाजी इत्यादि के शोध एवं विकास पर काम करेगी। उल्लेखनीय है कि सैन्य अभियानों के लिए संचार एक महत्वपूर्ण घटक है। युद्ध क्षेत्र के लिए तेजी से -शेष पृष्ठ दो पर

बिहार एनडीए : भाजपा 17 तो जेडीयू 16 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

नई दिल्ली /पटना। बिहार में सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन सोमवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीट-बंटवारे पर समझौते पर पहुंच गया। बिहार में भाजपा 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि नीतीश कुमार की जेडीयू 16 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दिवंगत राम विलास पासवान के बेटे चिराग पासवान के नेतृत्व वाला लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) गुट राज्य में 5 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा सहित एनडीए के अन्य सहयोगियों को क्रमशः एक-एक सीट मिलेगी। पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, औरंगाबाद, मधुबनी, अररिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, उजियारपुर, महाराजगंज, -शेष पृष्ठ दो पर

चुनावी बॉन्ड : एसबीआई तीन दिन में सब कुछ सार्वजनिक करें

नई दिल्ली। चुनावी बॉन्ड पर हुई ताजा सुनवाई में आज फिर सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई के फटकार लगाई है। कोर्ट ने सुनवाई में कहा कि उसने एसबीआई से चुनावी बॉन्ड से संबंधित सभी जानकारी का खुलासा करने को कहा था और जिसमें चुनावी बॉन्ड नंबर भी शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि वह एसबीआई से चुनावी बॉन्ड नंबरों का खुलासा करने के लिए कहेगा। कोर्ट ने एसबीआई चेयरमैन को 21 मार्च यानी गुरुवार शाम 5 बजे तक एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें बताना होगा कि एसबीआई ने सारी जानकारी का खुलासा किया है। इसी के साथ जो भी बॉन्ड के पैसे निकाल लिए गए हैं, उनके -शेष पृष्ठ दो पर

आठ लोगों की मौत के बाद पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर हमला : अफगानिस्तान तालिबान

काबुल। अफगानिस्तान में पाकिस्तानी आंतकी हमले से 8 लोग मारे जाने के कुछ घंटे बाद अफगानिस्तान तालिबान का बयान सामने आया है। तालिबान ने कहा है कि वे अफगानिस्तान में पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) के खिलाफ पाकिस्तानी हवाई हमलों का बदला लेने के लिए सीमा पार पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर हमला कर रहे हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता के अनुसार पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों में हवाई हमले किए, जिसके परिणामस्वरूप आठ नागरिकों की मौत हो गई। तालिबान सरकार के एक प्रवक्ता ने 18 मार्च को कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों में दो हवाई हमले किए, जिसमें आठ लोग मारे गए जिनमें सभी महिलाएं और बच्चे हैं। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कल रात करीब 3:00 बजे, पाकिस्तानी विमानों ने पक्तिका प्रांत के बरमल जिले के लेहमान इलाके और सेपिरा जिले के अफगान दुबई इलाके में आवासीय घरों पर बमबारी की जिसके परिणामस्वरूप छह लोग, तीन महिलाएं और तीन बच्चे मारे गए और पक्तिका में एक घर नष्ट हो गया जबकि खोस्त प्रांत में दो महिलाएं शहीद -शेष पृष्ठ दो पर

कोलकाता में निर्माणाधीन इमारत गिरने से छह की मौत

कोलकाता। कोलकाता में रविवार रात एक निर्माणाधीन इमारत गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि गार्डन रीच इलाके के हजारी मोल्ला बागान में आधी रात के आसपास पांच मंजिला इमारत ढह गई। उन्होंने बताया कि जीवित बचे लोगों की तलाश के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है जो मलबे में फंसे हो सकते हैं। कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल ने व्यक्तिगत रूप से घटनास्थल का निरीक्षण किया और -शेष पृष्ठ दो पर

CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact

97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

इंडी गठबंधन ने *शक्ति* की अवधारणा को समाप्त करने की घोषणा कर हिंदू धर्म और भारत की नारी शक्ति का अपमान किया : मोदी



नई दिल्ली (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि इंडी गठबंधन ने *शक्ति* की अवधारणा को समाप्त करने की घोषणा की है, जिसने न केवल हिंदू धर्म बल्कि भारत की नारी शक्ति का भी अपमान किया है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन अगर शक्ति को नष्ट करना चाहता है तो उसकी उपासना का मेरा भी ऐलान है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के शिवमोगा में एक सार्वजनिक रैली में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने इंडी गठबंधन की आलोचना करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन ने शक्ति की अवधारणा को समाप्त करने की घोषणा की है, जिसने न केवल हिंदू धर्म, बल्कि भारत की नारी शक्ति का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि कई राजनीतिक जानकार कहते रहे हैं कि नारी शक्ति मोदी की साइलेंट वोटर है। लेकिन मेरे देश की नारी शक्ति वोटर नहीं, बल्कि मां शक्ति स्वरूपा है। मोदी ने कहा कि मोदी भारत की माताओं, बेटियों और बहनों की सेवा और उन्हें सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस विभाजनकारी राजनीति पर भरोसा करती है और हमेशा समुदायों को जाति और धर्म जैसे विभिन्न भेदों पर विभाजित करके उन पर शासन करना चाहती है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में एक कांग्रेस सांसद ने उत्तर-दक्षिण विभाजन का आह्वान करते हुए बयान दिया है, जो उनकी विभाजनकारी मानसिकता को दर्शाता है। भाजपा की प्राथमिकताओं पर मोदी ने कहा कि भाजपा विकास, गरीब-कल्याण और मजबूत संभावनाओं वाले भारत को प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के पास भारत के विकास के लिए कोई विजन नहीं है। दूसरी ओर कांग्रेस झूठ, धोखे पर भरोसा करती है और केवल कर्नाटक को लूट की एटीएम मशीन बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक एक ऐसा राज्य है, जहां सीएम इन वेटिंग, सुपर सीएम, शैडो सीएम, फ्यूचर सीएम एस्पिरेंट और घोटालों और लूट को बढ़ावा देने के लिए एक कलेक्शन मिनिस्टर भी है। उन्होंने कहा कि इसका सीधा असर कर्नाटक की जनता पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा को कर्नाटक के अटूट समर्थन ने भ्रष्टाचार में डूबे इंडी गठबंधन की रातों की नींद हराम कर दी है। मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि कर्नाटक के लोग निश्चित रूप से भाजपा को वोट देंगे ताकि वह आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें हासिल कर सके। केंद्र में सरकार द्वारा शुरू किए गए सुधारों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य कर्नाटक के लोगों को सभी योजनाओं की अंतिम-मील संतृप्ति प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा एससी-एसटी-ओबीसी के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है और *ऑपरेशन कावेरी* के माध्यम से *हक्की-पिक्की* जनजाति के सदस्यों की सुरक्षित निकासी उसी का प्रमाण है।

अधर्म, भ्रष्टाचार और असत्य पर था निशाना : राहुल

नई दिल्ली (हि.स.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने *शक्ति* शब्द के उपयोग पर स्पष्टीकरण देते हुए आरोप लगाया है कि उनके कहे सच को घुमाकर गलत अर्थों में पेश किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि वह किसी प्रकार की धार्मिक शक्ति की नहीं बल्कि अधर्म, भ्रष्टाचार और असत्य की बात कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता ने कहा था कि हिन्दू धर्म में शक्ति होती है ... हम उस शक्ति से लड़ रहे हैं। इस पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि इंडी गठबंधन ने शक्ति की अवधारणा को समाप्त करने की घोषणा की है, जिसने न केवल हिंदू धर्म, बल्कि भारत की नारी शक्ति का भी अपमान किया है। राहुल गांधी के इन शब्दों पर भाजपा और पार्टी नेताओं के तीखे हमले के बाद कांग्रेस पार्टी बचाव की मुद्रा में है। पार्टी नेता उनके बयान को स्पष्ट कर रहे हैं। पार्टी का कहना है कि राहुल गांधी नकारात्मक शक्ति की बात कर रहे थे।

पीपीए ने विस चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

इटानगर (हिंस)। अरुणाचल प्रदेश की एकमात्र क्षेत्रीय पार्टी पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) ने विधानसभा चुनाव-2024 के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची की आज घोषणा की। यहां अरुणाचल प्रेस क्लब में आज मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए पीपीए अध्यक्ष काहफा बेंगिया ने दो विधायकों के नामों की घोषणा की। जिनमें 57वें बोर्डुरिया बोगापानी विधानसभा क्षेत्र से होंटिंग वांगपैन और 58वें कनुबारी विधानसभा क्षेत्र से नोकचाई बोहम शामिल हैं। होंटिंग वांगपैन वांगलिन लोवांगडोंग के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे, नोकचाई बोहम अपने संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के विधायक गेब्रियल डी. वांगसु के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। काहफा ने संकेत दिया कि पीपीए आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपनी चरणबद्ध घोषणा में अधिक उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी।

APOLLO HOSPITALS CHENNAI
Apollo HOSPITALS
ORTHOPAEDIC SURGEON
DR. KUNAL PATEL MBBS, MS (Ortho)
Will be available only for consultation at **Guwahati**
ON 30th March'2024
Patients suffering from Hip, Knee, Spine joint Problems and need Hip, Knee replacement surgery can register their names in advance at:
APOLLO HOSPITALS REGIONAL OFFICE
Rajgarh Main Road, Opp-By Lane -10
Ph :8404037649, 03613102669, 0361-3102166

Apollo HOSPITALS
APOLLO HOSPITALS CHENNAI
UROLOGIST
Dr Nitesh Jain MBBS, MS(Gen Surg), M.Ch (Urology)
Will be available only for consultation at **Guwahati**
ON 6th April'2024
Patients suffering from frequency of urine, Urinary incontinence, Bladder problems, Kidney stones & any renal stone, Sexual problems and Prostate enlargement etc may register their names in advance at:
APOLLO HOSPITALS REGIONAL OFFICE
Rajgarh Main Road, Opp-By Lane -10
Ph : 8404037649, 03613102669, 0361-3102166

Apollo HOSPITALS
APOLLO HOSPITALS CHENNAI
OBSTETRICIAN & GYNAECOLOGIST
Dr Vinutha Arunachalam, MBBS, M.D.(Obstetrics & Gynaecology), DNB (OBG)
Will be available only for consultation at **Guwahati**
on **6th April'2024**
Patients with difficulty getting pregnant, repeated abortions, tumors of Uterus and Ovary, abnormal bleeding, white discharge and any kind of Gynaecological problem can register their names in advance at:
APOLLO HOSPITALS REGIONAL OFFICE
Rajgarh Main Road, Opp-By Lane -10
Ph :8404037649, 03613102669, 0361-3102166

APOLLO HOSPITALS CHENNAI
Apollo HOSPITALS
ORTHOPAEDIC SURGEON
DR. SENTHIL KUMAR DURAI, MS(Ortho),Fellow in Trauma & Reconstructive Surg(South Korea)
Will be available only for consultation at **Guwahati**
ON 7th April'2024
Specialized in Computer Assisted Orthopaedic Surgery,Hip & Knee replacement, Arthroscopic Surgery,Modern Fracture treatment,Spine Surgeries, Back Pain related problems can register their names at:
APOLLO HOSPITALS REGIONAL OFFICE
Rajgarh Main Road, Opp-By Lane -10
Ph : 8404037649, 03613102669, 0361-3102166

गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

कछार (हिंस)। कछार जिलांतर्गत लखीपुर थाना क्षेत्र इलाके से पुलिस ने आज एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि गुप्त सूचना के आधार पर लखीपुर थाना क्षेत्र के दिलकुश घाट इलाके से खितीश दास को गांजा के साथ गिरफ्तार किया। गांजा तस्कर कछार जिला के सोनाई थानांतर्गत गंगा नगरका निवासी बताया गया है। खितीश दास के पास से पुलिस ने 1.980 किग्रा गांजा जब्त किया गया है। इस मामले में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच जारी रखे हुए है।

मणिपुर पुलिस ने 346 लोगों को लिया हिरासत में

इंफाल (हिंस)। मणिपुर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों के संवेदनशील तथा दुर्गम इलाकों में सघन छापामारी तथा तलाशी अभियान चलाया। अभियान में भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 346 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आज बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 2 पर 265 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़े सुरक्षा उपाय किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को व्यापक पैमाने पर तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी दोनों में मणिपुर के विभिन्न जिलों में 136 नाके और जांच चौकियां स्थापित की गई हैं।

मंत्रालय में आत्महत्या की कोशिश करने वाला शख्स गिरफ्तार

मुंबई (हि.स.)। मंत्रालय में सोमवार को आत्महत्या की कोशिश करने वाले एक शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस शख्स की पहचान अरविंद बंगेरा के रूप में की गई है। मरीन ड्राईव पुलिस स्टेशन आरोपित से गहन छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार आरोपित अरविंद बंगेरा बोरीवली इलाके का निवासी और वड़ापाव की टपरी लगाकर अपनी आजीविका चलाता है। जानकारी के अनुसार, अरविंद बंगेरा को पुलिस वड़ा पाव की टपरी लगाने नहीं दे रही थी, जिससे परेशान होकर बंगेरा ने आज मंत्रालय के ऊपरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की। लेकिन मंत्रालय में सुरक्षा कारणों से लगाई गई जाली की वजह से बंगेरा की आत्महत्या की कोशिश विफल हो गई।

लोस चुनाव : तमिलनाडु में नौ और पुडुचेरी की एक सीट पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

चेन्नई (हि.स.)। द्रमुक नेतृत्व वाले गठबंधन के तहत कांग्रेस तमिलनाडु की 9 और पुडुचेरी की एक सीट पर चुनाव लड़ेगी। जबकि राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक तमिलनाडु की 21 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। सोमवार को यहां द्रमुक मुख्यालय में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और टीएनसीसी अध्यक्ष के सेल्वापेरुन्थागई के बीच सीटों को लेकर समझौता हुआ। समझौते के मुताबिक कांग्रेस को आगामी लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु की 9 सीटें देने का फैसला हुआ। कांग्रेस को 2019 के लोकसभा चुनाव में जो 9 निर्वाचन क्षेत्रों दिए गए थे, उनमें से 6 उसे दोबारा मिली है।

प्रदेश भाजपा मुख्यालय पहुंचे केंद्रीय मंत्री सोनोवाल

गुवाहाटी (हिंस)। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल आज वशिष्ठ स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय पहुंचे और पदाधिकारियों के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। सोनोवाल ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता, निर्वाचन प्रबंधन समिति के संयोजक पवित्र मार्घेरिटा और अन्य पदाधिकारियों के साथ भी बैठक की। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने संगठनात्मक पहलुओं के साथ-साथ चुनाव तैयारियों पर सुझाव दिए।

काजीरंगा : प्रशासन ने शुरू की चुनाव की तैयारियां

काजीरंगा (हिंस)। पहले चरण में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर 10 नंबर काजीरंगा लोकसभा क्षेत्र के तहत 57 नंबर कलियाबर विधानसभा क्षेत्र में व्यापक तैयारियां शुरू की गई हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में कुल 1 लाख 83 हजार 992 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

रामपुर तिराहा मामले में दो पुलिसकर्मियों को आजीवन कारावास की सजा

नई दिल्ली (हि.स.)। उत्तर प्रदेश मुजफ्फरनगर स्थित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की अपर सत्र न्यायाधीश की एक अदालत ने रामपुर तिराहा मामले में दो आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसमें उत्तरप्रदेश की अर्द्धसैनिक बल पीएसी के तत्कालीन पुलिसकर्मी मिलाप सिंह एवं वीरेंद्र प्रताप का नाम शामिल है। अदालत ने एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने जुर्माने की पूरी राशि पीड़िता तक पहुंचाने को कहा है। सीबीआई द्वारा जारी बयान के मुताबिक 15 मार्च को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (2) (जी), 392, 354 एवं 509 के तहत अदालत ने दोनों आरोपितों को दोषी ठहराया और सोमवार को सजा सुनाई। जांच पूरी होने के बाद सीबीआई ने 21 मार्च 1996 को आरोप पत्र दायर किया था। आरोपितों पर रैली में बसों से जा रही महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और बलात्कार का आरोप है। सीबीआई के मुताबिक, उत्तराखंड संघर्ष समिति ने 2 अक्तूबर 1994 को लाल किला दिल्ली में एक रैली का आयोजन किया था। उस रैली में भाग लेने के लिए पहाड़ी क्षेत्रों से लोग बसों में दिल्ली आ रहे थे। उत्तर प्रदेश सरकार ने रैली में हिस्सा लेने वालों को रोकने के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जब रैली करने वाले लोग 1 और 2 फरवरी की रात्रि में रामपुर तिराहा मुजफ्फरनगर के पास पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रोक लिया और हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए 345 लोगों में 47 महिलाएं थीं। हिरासत में ली गई महिलाओं साथ बलात्कार व छेड़छाड़ के मामले सामने आए थे। सीबीआई के मुताबिक रैली में हिस्सा लेने वालों को ले जा रही एक बस को मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा पर रोका गया एवं बस के शीशे, हेड लाइट और खिड़की के शीशे तोड़ दिए गए तथा तैनात पुलिस कर्मियों ने रैली में शामिल लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया।

पृष्ठ एक का शेष

कांग्रेस उम्मीदवारों को...

पार्टी में शामिल करने का विशेषज्ञ बताते हैं। शर्मा ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी असम की 14 लोकसभा सीटों में से 13 सीटें जीतेंगे। भाजपा ने 11 निर्वाचन क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारे हैं और दो अपने सहयोगी असम गण परिषद और एक यूपीपीएल को देने की पेशकश की है। कांग्रेस ने 13 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं, जबकि विपक्षी दलों का एक मंच डिब्रूगढ़ सीट पर एक क्षेत्रीय पार्टी असम जातीय परिषद के लुरिनज्योति गोगोई का समर्थन कर रहा है। 2019 में भाजपा ने नौ, कांग्रेस ने तीन और एआईयूडीएफ ने एक सीट जीती थी। एक निर्दलीय उम्मीदवार ने एसटी-आरक्षित कोकराझार सीट जीती।

विकास के एजेंडे...

संयुक्त रणनीतियों पर चर्चा की बोरा ने दोनों पक्षों के बीच एक बैठक के बाद एक संयुक्त प्रेस में कहा। कैबिनेट मंत्री बोरा ने कहा कि दोनों दलों के बीच विभिन्न स्तरों पर समन्वय के लिए संयुक्त समितियां भी बनाई जा रही हैं। लोग हमारी सरकार की विकास यात्रा से पहले से ही अवगत हैं। बोरा ने कहा कि हमारे उम्मीदवारों में सभी सीटें जीतने की अच्छी क्षमता है। कलिता ने कहा कि हम अपनी सरकार द्वारा किए जा रहे विकास के आधार पर अधिकतम सीटें जीतने को लेकर आश्वस्त हैं। हम विकास के एजेंडे के साथ मतदाताओं के पास जाएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बैठक के दौरान संयुक्त रूप से अभियान को आगे बढ़ाने के रोडमैप पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सभी सहयोगी दलों के नेता सभी उम्मीदवारों के लिए मिलकर काम करेंगे। भाजपा ने राज्य में 11 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि अगप ने दो सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं।

गौहाटी यूनिवर्सिटी : पीजीएसयू ...

लेकिन उन्होंने टकराव पैदा किया। उधर, पीजीएसयू नेता की शिकायत के मुताबिक जब वे सीएए के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे तो दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई, जिसमें कुछ छात्र घायल भी हो गए। झड़प के दौरान दोनों पक्षों के बीच *भारत माता की जय* कि *जय श्री राम* और *जय आई असम* के नारे लगने से माहौल गरमा गया। जिसके चलते दोनों संगठनों के बीच झड़प हो गई। आरोप लगाया गया है कि पीजीएसयू के समर्थकों ने अभाविप के बैनर जलाए। घटना के समय न तो विश्वविद्यालय के अधिकारी और न ही विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंचे। परिणामस्वरूप स्थिति बेहद गंभीर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है कि घटना के बाद वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित करने का कोई प्रयास नहीं किया। वहीं, खबर मिलते ही गुवाहाटी पुलिस के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया और सुरक्षा प्रभारी अधिकारियों से पूछताछ की। साथ ही भारी संख्या में विश्वविद्यालय के दोनों प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा बलों को तैनात किया गया। जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई। उल्लेखनीय है कि सोमवार को गौहाटी विश्वविद्यालय के छात्र संगठन ने *सीएए* के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था।

असम सरकार ने ...

कुमार बोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री की तस्वीरों वाले विज्ञापनों की मौजूदगी एमसीसी का उल्लंघन है। उन्होंने सीईसी से इसपर कार्रवाई करने की मांग की है। बोरा ने कहा कि यह एमसीसी का घोर उल्लंघन है। आपसे अनुरोध है कि तुरंत उचित कार्रवाई करें। असम में टीएमसी अध्यक्ष रिपुन बोरा ने राज्य भर में पीएम और सीएम की तस्वीरों के साथ सरकारी विज्ञापनों वाले कई होर्डिंग्स का हवाला देते हुए सीईसी से राज्य सरकार को उन्हें तुरंत हटाने का निर्देश देने का अनुरोध किया। लोकसभा चुनाव के तारीखों के एलान के बाद एमसीसी को देशभर में लागू किया गया। असम में 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव तीन चरणों में होगा। मतदान 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और सात मई होगा और परिणाम चार जून को जारी किए जाएंगे।

चीन ने फिर बताया...

यह टिप्पणी की। अरुणाचल प्रदेश पर दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में दावा करने वाला चीन अपने दावों को रेखांकित करने के लिए नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है। बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम जांगनान रखा है। भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के क्षेत्रीय दावों को बार-बार खारिज किया है और कहा है कि राज्य देश का अभिन्न अंग है। नई दिल्ली ने क्षेत्र को *मनगढ़ंत* नाम देने के चीन के कदम को भी खारिज कर दिया है और कहा है कि इससे वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 9 मार्च को अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया। यह रणनीतिक रूप से अहम तवांग को हर मौसम में संपर्कता प्रदान करेगी और सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करने में मददगार होगी। मोदी की यात्रा का जिक्र किए बिना झांग ने कहा कि भारतीय पक्ष की कार्रवाई सीमा पर (तनावपूर्ण) स्थितियों को कम करने के लिए दोनों पक्षों द्वारा किए गए प्रयासों के विपरीत है और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने के लिए अनुकूल नहीं है। उन्होंने कहा कि साझा चिंता वाले सीमा मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच प्रभावी राजनयिक और सैन्य संचार के साथ, वर्तमान सीमा स्थिति सामान्य तौर पर स्थिर है।

भारतीय सेना ने ...

विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों में जिस पक्ष के पास संचार की बेहतर तकनीक और सूचनाओं को साझा करने के लिए विभिन्न घटकों को जोड़ने की क्षमता होगी, उसे अपने प्रतिद्वंद्वी पर बढ़त हासिल होगी। आधुनिक युद्ध में अभियानों के दौरान यूनिटों को निर्बाध संचार सहायता उपलब्ध कराने के लिए नए उपकरणों को शामिल करने की जरूरत होती है। ऐसी तकनीकी प्रगति को अपनाने के लिए ही भारतीय सेना ने इस यूनिट एसटीईएजी का गठन किया है जो डिजिटल क्षेत्र में इसकी क्षमताओं में बढ़ोतरी करेगी। यह हाई टेक यूनिट मुख्य सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का मूल्यांकन, विकास एवं प्रबंधन करेगी और उपलब्ध समकालीन प्रौद्योगिकियों के रखरखाव और अपग्रेडेशन द्वारा यूजर इंटरफेस को मदद करेगी। आत्मनिर्भर भारत और स्टार्ट-अप इंडिया के सिद्धांतों से स्वयं को जोड़ते हुए एसटीईएजी एक तरफ सशस्त्र बलों और दूसरी तरफ उद्योग व शिक्षा जगत के बीच विभाजन को पाटने में मदद करेगा।

बिहार एनडीए : भाजपा...

सारण, बेगुसराय, नवादा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर और सासाराम उन प्रमुख सीटों में से हैं जहां भाजपा अपने उम्मीदवार उतारेगी। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) 5 सीटों- वैशाली, हाजीपुर, समस्तीपुर, खगड़िया और जमुई पर चुनाव लड़ेगी। गया और काराकाट सीटों पर क्रमशः हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा अपने प्रत्याशी उतारेंगे। जदयू के खाते में वामिकी नगर, सीतामढी, झंझारपुर, सुपौल, किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, मधेपुरा, गोपालगंज, सीवान, भागलपुर, बांका, मुंगेर, नालन्दा, जहानबाद और शिवहर की सीटें गई है। लोकसभा चुनाव 2019 में मोदी की सुनामी में भाजपा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और दिवंगत राम विलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) को संयुक्त रूप से 39 सीट पर जीत मिली थी। राज्य में राजग का मत प्रतिशत 53 से अधिक था, जो विपक्षी महागठबंधन को मिले मतों से लगभग 20 प्रतिशत ज्यादा था। पिछले लोकसभा चुनाव में बिहार की कम से कम छह सीट पर जीत का अंतर एक लाख मतों से कम था और इनमें से चार सीट गंगा के दक्षिणी क्षेत्र में हैं। इनमें से एक लोकसभा सीट जहानाबाद है, जहां जद (यू) के चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी जीत हासिल करने में कामयाब रहे थे लेकिन जीत का अंतर मात्र 1,751 मतों का था। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि विपक्षी गठबंधन *इंडिया* के सहयोगियों के बीच बिहार के लिए सीटों का बंटवारा अंतिम चरण में है और अगले कुछ दिनों में इस पर मुहर लग जाएगी। रविवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) द्वारा आयोजित एक रैली में भाग लेने के बाद राजद नेता ने कहा कि ज्यादातर मुद्दों को सुलझा लिया गया है और केवल एक या दो सीटों पर मुद्दे बचे हैं। यादव ने बताया कि दो-तीन दिन में सब कुछ तय हो जाएगा। यह अंतिम चरण में है। एक-दो सीटों को लेकर कुछ मुद्दे हैं, लेकिन सब कुछ सुलझा लिया जाएगा। राजद, कांग्रेस, वामपंथी दल और कुछ अन्य छोटे दल लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से मुकाबला करने के लिए सीटों के बंटवारे पर बातचीत कर रहे हैं।

छह साल के बच्चे ...

का संज्ञान लेते हुए चित्तौड़गढ़ जिला पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट मांगी है। आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष जस्टिस रामचंद्र झाला ने चित्तौड़गढ़ पुलिस अधीक्षक से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी और पूछा कि मामले में पुलिस और प्रशासन ने क्या कार्रवाई की है। उन्होंने स्थानीय निकाय के दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का विवरण भी मांगा।

चुनावी बॉन्ड : एसबीआई ...

अल्फान्यूमेरिक संख्या और सीरियल नंबर भी बताने होंगे। सुनवाई के दौरान एसबीआई ने कहा कि वह अपने पास मौजूद हर जानकारी शीर्ष कोर्ट को देगा और बैंक ने यह भी कहा कि उसने अब तक अपने पास मौजूद किसी भी जानकारी को छिपाकर नहीं रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने पिछली सुनवाई के दौरान भी कहा था कि आपको चुनावी बॉन्ड पर यूनिक नंबर भी बताना होगा, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। कोर्ट ने कहा कि बैंक को केवल हमाने आदेश पर ही निर्भर नहीं रहना चाहिए। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि चुनावी बॉन्ड का अंतिम उद्देश्य काले धन पर अंकुश लगाना था और शीर्ष अदालत को पता होना चाहिए कि इस फैसले को अदालत के बाहर कैसे रखा जा रहा है। तुषार मेहता ने कहा कि अदालत के समक्ष मौजूद लोगों ने प्रेस साक्षात्कार देना शुरू कर दिया और जानबूझकर अदालत को शर्मिंदा करना शुरू कर दिया। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि इसको लेकर सोशल मीडिया पर भी गलत पोस्ट शुरू हो गए हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से इस संबंध में कुछ निर्देश जारी करने पर विचार करने को कहा।

आठ लोगों की मौत ...

हो गईं। बता दें कि 2021 में तालिबान सरकार के सत्ता पर कब्जा करने के बाद से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा तनाव बढ़ गया है। इस्लामाबाद का दावा है कि आतंकवादी समूह पड़ोसी देश से नियमित हमले कर रहे हैं। पड़ोसी देशों ने पाकिस्तान में हाल ही में हुए इस्लामी आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार कौन है, इस पर दोषारोपण किया है। पाकिस्तान का कहना है कि हमले अफगान धरती से शुरू किए गए थे जबकि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार इससे इंकार करती है। तालिबान प्रशासन के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने एक बयान में कहा कि अफगानिस्तान का इस्लामी अमीरात किसी को भी अफगान क्षेत्र का उपयोग करके सुरक्षा से समझौता करने की अनुमति नहीं देता है। एक अलग बयान में, तालिबान रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके सुरक्षा बलों ने हवाई हमलों के जवाब में सीमा पर पाकिस्तानी सैनिकों को निशाना बनाया था। पाकिस्तान की सेना और विदेश कार्यालय ने कथित हमलों पर टिप्पणी का तुरंत जवाब नहीं दिया, जो शनिवार को अज्ञात आतंकवादियों द्वारा पाकिस्तान में एक सैन्य चौकी पर हमला करने के बाद आया था, जिसमें सात सुरक्षा बल के सदस्य मारे गए थे। सरकारी टेलीविजन को दिए गए एक बयान में, पाकिस्तानी सेना ने कहा कि आतंकवाद की हालिया लहर को अफगानिस्तान का पूर्ण समर्थन और सहायता प्राप्त है। इसमें किसी हवाई हमले का जिक्र नहीं किया गया, लेकिन कहा गया कि शनिवार का हमला अफगानिस्तान में *सुरक्षित पनाहगाह* रखने वाले आतंकवादियों द्वारा किया गया था।

कोलकाता में निर्माणाधीन...

चल रहे बचाव प्रयासों का आकलन किया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि रविवार देर रात गार्डन रीच इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत ढह गई। हमने कुछ लोगों को बचाया है। बचाव अभियान अभी भी जारी है। मौके पर एंबुलेंस तैनात कर दी गईं। प्रत्यक्षदर्शियों, ने बताया कि इमारत गिरने से पहले ही कंक्रीट के टुकड़े गिरने लगे थे। घटना के साथ तेज आवाज हुई और ढांचा ढहते ही आसपास धूल का घना बादल छा गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, मलबा घनी आबादी वाले इलाके में आसपास की झोपड़ियों पर बिखर गया। एक स्थानीय निवासी ने कहा कि हालांकि निर्माणाधीन इमारत में कोई नहीं रहता था, लेकिन यह बगल की झुग्गियों पर गिर गई। हमें डर है कि कई लोग अभी भी मलबे के नीचे फंसे हो सकते हैं।

पुतिन पांचवीं बार ...

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर की गई देश की सबसे क्रूर कार्रवाई के बीच चुनाव के ये नतीजे आए हैं। पुतिन के सामने नाममात्र के सिर्फ तीन उम्मीदवार थे और यूक्रेन युद्ध का विरोध करने वाले किसी भी व्यक्ति को पुतिन के खिलाफ चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं थी। पुतिन दिसंबर 1999 से राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री के तौर पर रूस का नेतृत्व कर रहे हैं। रूस के केंद्रीय चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि करीब 100 फीसदी क्षेत्रों में पड़े मतों की गिनती कर ली गई है और पुतिन को 87.29 फीसदी वोट मिले हैं। आयोग की प्रमुख एला पैम्फिलोवा ने कहा कि पुतिन के लिए करीब 7.6 करोड़ लोगों ने मतदान किया है जो उन्हें हासिल अब तक के सबसे ज्यादा वोट हैं। पुतिन ने अपने विजयी भाषण में कहा कि मैं रूस के सभी नागरिकों को धन्यवाद देना चाहता हूं, क्योंकि हम एक टीम हैं। उन्होंने कहा कि एक देश में सत्ता का स्रोत रूसी लोग हैं और वह रूस के प्रत्येक नागरिक की आवाज है। पुतिन ने कहा कि हर आवाज में हम रूसी संघ के लोगों के एक राष्ट्रमंडल का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने रक्षा, विज्ञान और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश की प्रगति को आगे बढ़ाने में नागरिक भागीदारी की भूमिका पर भी जोर दिया।

हिमाचल कांग्रेस के ...

सिंह पठानिया के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस प्रशांत मिश्रा की बेंच ने इस मामले पर सुनवाई की है। 6 बागी विधायकों में राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, चैतन्य शर्मा, रवि ठाकुर, इंद्र दत्त लखनपाल और देवेंद्र कुमार शामिल हैं। बागी विधायकों की ओर से वकील हरीश साल्वे कोर्ट में मौजूद रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें व्हिप नहीं मिली और चुनाव में क्रास वोटिंग हुई।

तेजपुर केंद्रीय कारागार से फरार तीन कैदी

शोणितपुर (हिंस)। तेजपुर केंद्रीय कारागार से तीन कैदी फरार होने मामला आज प्रकाश में आया है। कैदियों के भागने के बाद कारागार में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। फरार कैदियों की पहचान इंदजीत मंडल, जेहेरुल इस्लाम और थुलेश्वर तांती के रूप में हुई है। बताया जाता है कि तीनों कैदी जेल की चारदीवारी को पार करके भाग गए। फरार कैदी इंदजीत मंडल पश्चिम बंगाल का रहने वाला बताया गया है। जबकि, जेहेरुल इस्लाम और थुलेश्वर तांती शोणितपुर जिले के ठेलामारा के निवासी हैं। ज्ञात हो कि जेहेरुल इस्लाम और थुलेश्वर तांती पर बच्चों के अपहरण और बच्चों से बलात्कार जैसे संगीन अपराधों में शामिल होने का आरोप है। इन कैदियों के भागने से केंद्रीय कारागार में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता पैदा हो गई है। जेल अधिकारी फरार कैदियों का पता लगाने के लिए गहन जांच-पड़ताल करने में जुट हैं। आसपास के निवासियों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत अधिकारियों को देने का आग्रह किया गया है।

अगप-भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने की संयुक्त बैठक

गुवाहाटी (हिंस)। प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और असम गण परिषद (अगप) के बीच एक संयुक्त बैठक आज वशिष्ठ स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) असम प्रदेश के मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता, प्रदेश भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक पवित्र मार्घेरिटा, प्रदेश उपाध्यक्ष नब कुमार दलै और अजय कोंवर, मुख्य प्रवक्ता मनोज बरुवा, समाचार विभाग के संयोजक देवान ध्रुवज्योति मोरल, प्रवक्ता रूपम गोस्वामी और असम गण परिषद के अध्यक्ष अतुल बोरा, कार्यकारी अध्यक्ष केशव महंत आदि उपस्थित थे। बैठक

के अंत में प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता ने कहा कि भाजपा और अगप आगामी लोकसभा चुनाव में 14 में से 14 सीटों के उम्मीदवारों के लिए संयुक्त रूप से प्रचार करेंगे। इसके लिए दोनों पार्टियों का नेतृत्व सांगठनिक स्तर पर राज्य से लेकर बूथ तक सामूहिक रूप से काम करेगा। उन्होंने कहा कि हर निर्वाचन क्षेत्र में हम विकास का संदेश लोगों के बीच पहुंचाएंगे। गठबंधन दल प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में एक-दूसरे के लिए सहायक होंगे। हमें विश्वास है कि लोग सहयोगियों को आशीर्वाद देंगे।

नाबालिग के यौन शोषण के आरोप में डीएसपी गिरफ्तार

गुवाहाटी (हिंस)। देरगांव लाचित बरफूकन पुलिस अकादमी में तैनात पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) किरण नाथ को एक नाबालिग घरेलू नौकरानी के यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार डीएसपी किरण नाथ, के विरुद्ध जांच के दौरान ठोस सबूत पाए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। असम के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जीपी सिंह ने यह जानकारी सोशल मीडिया के जरिए साझा की। आरोपित के खिलाफ गोलाघाट जिले के देरगांव थाना में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 और 506 के साथ ही यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा (पोस्को) अधिनियम की धारा 6 के तहत प्राथमिकी संख्या 42 दर्ज की गई है। डीजीपी ने कहा कि यौन शोषण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने असम पुलिस की इस सिलसिले में शून्य सहनशीलता की बात भी दोहराई।

नकली नोट के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

गुवाहाटी (हिंस)। नकली भारतीय रुपए के लेन-देन के संबंध में विश्वसनीय सूचना के आधार पर आज शाम असम पुलिस की एसटीएफ ने छापेमारी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि छापेमारी गुवाहाटी के गोरचुक थानांतर्गत मनीराम दीवान ट्रेड सेंटर के पास राजीब गांधी पथ में की गई। एसटीएफ द्वारा नकली नोट के साथ व्यक्ति को पकड़ा गया। जिसकी पहचान मुहम्मद गुलजार (26, उत्तर प्रदेश) के रूप में की गई है। आरोपित के पास से 500 रुपए मूल्य के 392 नकली भारतीय रुपए (जिसका कुल मूल्य 1, 92, 000), एक मोबाइल फोन एवं 677 रुपए बरामद किया गया। पुलिस इस सबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने में जुटी हुई है।

अब रंगिया में भी दो मिनट के लिए रुकेगी राजधानी एक्सप्रेस

कामरूप (हिंस)। अब राजधानी एक्सप्रेस रंगिया स्टेशन पर दो मिनट के लिए रुकेगी। रेल मंत्रालय द्वारा इस बाबत अधिसूचना जारी की गई है। रंगिया के लोगों के साथ-साथ पूरे निचले असम के रेल यात्रियों के लिए यह बड़ी खुशखबरी है। दो दशकों की मांग आज पूरी हुई। ज्ञात हो कि रेल मंत्रालय ने एक अधिसूचना के जरिए घोषणा की है कि अप और डाउन 12423/12424 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन के हर दिन रंगिया स्टेशन पर रोकने की व्यवस्था की गई है।

कपिली नदी में डूबे दो युवकों में से एक का शव बरामद

नगांव (हिंस)। जिले के कामपुर में कपिली नदी में नहाने के दौरान लापता हुए दो युवकों में से एक का शव बरामद कर लिया गया है। बरामद शव की पहचान अमरज्योति बरुवा के रूप में हुई है। पुलिस ने आज बताया कि एसडीआरएफ की टीम ने शव बरामद किया। अभी भी मानस बरुवा नामक एक अन्य युवक लापता है। दोनों लापता युवक सगे भाई थे, जो कपिली नदी में नहाने गए थे। एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों द्वारा नदी में तलाश जारी है। युवकों के घर में उदासी का माहौल व्याप्त है।

रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कामरूप मेट्रो के ट्रेजरी ऑफिसर

गुवाहाटी (हिंस)। सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय द्वारा प्रत्येक दिन सरकारी कर्मचारी एवं अधिकारियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया जा रहा है। बावजूद इसके रिश्वत लेने से सरकारी मुलाजिम बाज नहीं आ रहे हैं। इनका मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि गुवाहाटी के बीचों-बीच स्थित कामरूप मेट्रो जिला आयुक्त कार्यालय के अपने कक्ष में भी रिश्वत लेते हैं। इस क्रम में सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय में एक शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि कामरूप मेट्रो के ट्रेजरी ऑफिसर हरेंद्र नाथ वैश्य बनिया ने उनसे 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग की है। रिश्वत देने को तैयार नहीं होने पर शिकायतकर्ता ने इस निदेशालय से संपर्क किया। उपरोक्त लोक सेवक के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए सोमवार को सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय की एक टीम द्वारा गुवाहाटी स्थित कामरूप मेट्रो के जिला आयुक्त कार्यालय में जाल बिछाया गया। ट्रेजरी आफिसर हरेंद्र नाथ वैश्य बनिया को उनके कार्यालय कक्ष में रिश्वत की अग्रिम राशि चार हजार रुपए स्वीकार करते ही रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

डिमापुर-कोहिमा नई रेल परियोजना की सबसे लंबी टनल का निर्माण-कार्य शुरू

गुवाहाटी (हिंस)। डिमापुर-कोहिमा नई रेल लाईन परियोजना में एक कदम बढ़ाते हुए इसके टनल संख्या 7 के पोर्टल 1 में निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। यह निर्माण स्थल नगालैंड के डिमापुर जिला के मेड्ज़फिमा अंचल के सीपामा गांव में स्थित है। डिमापुर-कोहिमा नई रेल लाईन परियोजना की यह सबसे लंबी टनल होगी। पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) के सीपीआरओ ने आज बताया है कि इस टनल की लंबाई 6, 610 मीटर है। सीपामा गांव के टनल संख्या 7 के पोर्टल 1 तक पहुंचने के लिए पहाड़ियों से होकर 12 किमी लंबी एक पहुंच सड़क का निर्माण किया गया। यह टनल इस परियोजना के फेरिमा और पिफेमा स्टेशनों के बीच स्थित है। 6, 663 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर 82.50 किमी लंबी (असम में 2.75 किमी और नगालैंड में 79.75 किमी) डिमापुर-कोहिमा नई रेल लाईन परियोजना का निर्माण असम के धनसिरी से कोहिमा के निकटवर्ती जुब्जा तक किया जा रहा है। इस परियोजना में 08 नए स्टेशन अर्थात् धनसिरी, धनसिरीपार, शोखुवि, मोलवोम, फेरिमा, पिफेमा, मेंगुजुमा और जुब्जा है। इस परियोजना में 27 बड़े पुल, 148 छोटे पुल, 05 रोड ओवर ब्रिज, 15 रोड अंडर ब्रिज और 31 किमी मार्ग में 21 सुरंगें शामिल हैं। अक्टूबर, 2021 में धनसिरी से शोखुवि तक 16.5 किमी का सेक्शन कमीशंड हो चुका है। शोखुवि से मेघालय के मेंथीपथार और अरुणाचल प्रदेश के नाहरलगुन तक यात्री ट्रेन सेवा भी शुरू हो चुकी है। चल रही इस रेल कनेक्टिविटी परियोजना के पूर्ण होने पर, वर्तमान परिदृश्य की तुलना में काफी कम लागत पर नगालैंड में खाद्यान्न, पेट्रोलियम उत्पाद, ऑटोमोबाइल और विभिन्न बुनियादी संरचना और निर्माण सामग्री जैसी आवश्यक सामग्रियों के परिवहन की सुविधा मिलेगी। इस विकास से स्थानीय आबादी को बड़े पैमाने पर लाभ होगा, क्योंकि इससे राज्य की अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है और स्थानीय आबादी को संचार का एक सस्ता और विश्वसनीय साधन उपलब्ध होगा।

श्री खेजड़ीवाले बाबाजी सेवा समिति का 48वां वार्षिकोत्सव आज

गुवाहाटी। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री खेजड़ी वाले बालाजी सेवा समिति का आज 48वां वार्षिक उत्सव आईईएफ माछखोवा में सायं 5 बजे से आयोजित किया जाएगा। आस्था म्यूजिकल ग्रुप की ओर से सायं 5 बजे से 7 बजे तक भजन-संद्या एवं तत्पश्चात 7 बजे से 10 बजे तक रंगारंग होली महोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम में भाग लेने हेतु राजस्थान की सुप्रसिद्ध होली टीम आस्था म्युजिकल ग्रुप के तत्तवावधान में गुवाहाटी पहुंच चुकु है। सुजानगढ़, बीकानेर, नगौर, जोधपुर से विशेष कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। समिति के अध्यक्ष रामेश्वर गहलोत ने बताया कि इस बार के कार्यक्रम में बालाजी महाराज एवं श्रीराम पर एक विशेष प्रस्तुति पेश की जाएगी। रामेश्वर गहलोत ने सभी भक्तों को ज्यादा से ज्यादा सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

रंगिया में संदीप कलिता समन्वयी कलाकेंद्र की बिहू कार्यशाला

रंगिया (विभास)। असमिया लोक संस्कृति को बनाए रखने में अपनी एक विशिष्ट भूमिका निभाता आ रहा रंगिया का अग्रणी सांस्कृतिक संस्थान संदीप कलिता समन्वयी कलाकेंद्र द्वारा रंगिया में 6 दिवसीय कार्यक्रमो के साथ बिहू कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । इसवर्ष इसका सातवां वार्षिक आयोजन रंगिया के बीच स्थित शिव मंदिर प्रांगण प्रांगण में किया गया है। इसवर्ष कार्यशाला में तीन सौ से भी अधिक शिक्षार्थियों के शामिल होने की जानकारी प्राप्त हुई है। राष्ट्रीय स्तर के जाने माने कलाकारों द्वारा बिहु नृत्य, जेंग बिहू और बिहू हुसोरि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला में जानीमानी बिहू साम्राज्ञी पहाड़ी बरुवा काकोती और बिहू साम्राज्ञी सहित मुख्य प्रशिक्षक के रूप में बिहूरानी निभा बरुवा और सह-प्रशिक्षक जितुमनी, रघुमनी, नबो, जीन्तु, अकन, सुष्मिता, बिनीता और मिताली द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं कार्यक्रम का संचालन रंगिया के जाने-माने बिहूवा विजय

भराली द्वारा तथा नवो बनिया के सहयोग से किया गया। उल्लेखनीय है कि बिहू कार्यशाला में कोलंबिया की तीन युवतियों ने भाग लेकर बिहू नृत्य का प्रशिक्षण ग्रहण किया है। इस मौके पर उन्होंने बिहू नृत्य को बड़ा ही सुंदर नृत्य बताया है। कार्यशाला का शुभारंभ 15 मार्च को किया गया तथा इसका समापन आगामी 20 मार्च को किये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है।

टैक्स बार एसोसिएशन ने असाधारण आम बैठक का किया आयोजन

गुवाहाटी। टैक्स बार एसोसिएशन, गुवाहाटी ने कल होटल एपी होम्स, अठगांव, गुवाहाटी में असाधारण आम बैठक का आयोजन किया। बैठक की शुरुआत अध्यक्ष अधिवक्ता ब्रजेश कुमार शर्मा के स्वागत भाषण से हुई। सचिव सीए गोपाल सिंघानिया ने पिछली वार्षिक आम बैठक का विवरण प्रस्तुत किया, जिसे बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अनुमोदित किया। उपाध्यक्ष एवं संविधान समीक्षा समिति के अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश कुमार शर्मा ने एसोसिएशन के नियमों एवं विनियमों में संशोधन पर अपनी रिपोर्ट रखी। सदस्यों ने संशोधनों पर गहन चर्चा की और सर्वसम्मति से कुछ संशोधनों के

साथ इसे मंजूरी दे दी। बैठक में अधिवक्ता दिनेश कुमार शर्मा को संविधान संशोधन के प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। बैठक सचिव सीए गोपाल सिंघानिया के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई। एसोसिएशन के सचिव सीए गोपाल सिंघानिया ने आज जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि बदलते समय के अनुरूप एसोसिएशन के नियमों और विनियमों में संशोधन करना बहुत महत्वपूर्ण है ताकि एसोसिएशन को प्रभावी ढंग से चलाया जा सके। उसी को ध्यान में रखते हुए, एसोसिएशन ने इस बैठक का आयोजन किया है और अपने नियमों और विनियमों में उचित संशोधन किया है।

चुनाव प्रचार के लिए यूपीपीएल मुख्यालय का उद्घाटन

कोकराझाड़ (विभास)। लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद राजनीतिक दलों ने अपनी गतिविधियां शुरू कर दी हैं। एनडीए ने सोमवार सुबह 11 बजे कोकराझाड़ शहर के कदमतोला में यूपीपीएल ने चुनाव प्रचार के लए मुख्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर यूपीपीएल के अध्यक्ष और बीटीआर प्रमुख प्रमोद बोड़ो ने कोकराझाड़ और धुबड़ी निर्वाचन क्षेत्रों के लिए एनडीए सलाहकार और मंत्री रंजीत दास की उपस्थिति में कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके बाद यूपीपीएल और एजीपी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एक विशेष बैठक की। बैठक में गृह राज्य मंत्री रंजीत कुमार दास ने भाग लिया। इस अवसर पर मंत्री यूजी ब्रह्म और राज्यसभा सांसद रांगौरा नार्जारी उपस्थित थे।

विश्वनाथ : सात दिवसीय श्रीमद्भागवत पाठ सफलतापूर्वक संपन्न

विश्वनाथ (विभास)। गुप्त काशी विश्वनाथ जिले के नीलपुर चाय बगान के महिला समिति और वंहा के बृहद समाज द्वारा आयोजित बीते 11 मार्च से 17 मार्च तक कार्यक्रम के अन्तिम दिन भागवत शोभायात्रा के साथ प्रथम वार्षिकी 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत पाठ एवं पार्यलछोना का सफलता पूर्वक कल शाम संपन्न हुआ। जिसमे विश्वनाथ के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु भक्तों ने भाग लेकर श्रीमद्भागवत पाठ एवं पार्यलछोना का आनन्द उठाया। कार्यक्रम के पहला दिनभर नीलपूर चाय बागान के प्राइमरी स्कूल मैदान में भव्य धार्मिक समारोह में असंख्य श्रद्धालु एकत्रित होकर हिंदू सनातनी नीति धर्म के साथ कलस यात्रा निकाल गुप्त काशी विश्वनाथ घाट के ब्रम्हपुत्र नदी से गंगा जल लेकर पवित्र मंडप में प्रवेश कर शुद्धिकरनयण व पुजा याचना के साथ श्रीमद्भागवत पाठ एवं पार्यलछोना का शुभारम्भ हुवा. इसके पूर्व चाय बगान के परिचालक अनुभव बरबरुवा द्वारा पंडाल का मुलद्वार शुभार्मभ करके वृक्षारोपण आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें आयोजित समिति ने वृंदावन से कथा वाचक के रूप

में श्री श्री वशिष्ठ और काठिया बाबा को आमंत्रित किया गया। वहीं दुसरे दिनों समारोह में शोणितपूर लोकसभा क्षेत्र भाजपा के प्रार्थी रंजित दत्त और विश्वनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रमोद बरठाकुर ने समारोह के अवसर पर बगान के अस्पताल प्रांगण में वृक्षारोपण कर समारोह में भाग लिया और समाज के कल्याण व कुप्रभाव तथा मंगल कामना किया। इसि प्रकार हरेक दिन श्रीमद्भावगत पाठ एवं पार्यलछोना महा आरती समारोह का अन्तिम दिन बेदि पूजन, श्रीमद्भागवत कथा, हवन यग्य में असंख्य श्रद्धालुवो ने भाग लेकर भागवत लेकर नगर परिकर्मा के बाद प्रसाद वितरण के साथ प्रथम वार्षिक 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत पाठ एवं पार्यलछोना का सफलतापूर्वक कल शाम संपन्न हुआ।

बिलासीपाड़ा के वरिष्ठ समाजसेवी भंवरलाल लुणावत का निधन

कोकराझाड़ (विभास)। बिलासीपाड़ा शहर के जाने माने समाजसेवी कपड़ों का व्यवसाय एवं वरिष्ठ नागरिक भंवरलाल लुणावत का 84 वर्ष में निधन हो गया। लुणावत मृदुभाषी सरल तथा मिलनसार व्यक्ति थे एवं अपने क्षेत्र में एक कुशल व्यवसाय के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने समाज के विभिन्न संगठनों के साथ जुड़े हुए थे। वे बिलासीपाड़ा क्लोथ एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में अपनी अतुलनीय सेवाएं दी थी। इसके अलावा मारवाड़ी एसोसिएशन बिलासीपाड़ा के अध्यक्ष भी रहे। वर्तमान में भी उन्होंने संघ संरक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। असम साहित्य सभा के सदस्य भी रहे चुके हैं। बताया जाता है कि उनका अचानक



इस तरह चले जाना मारवाड़ी समाज के लि अपूर्णीय क्षति है।

बाघबर के भाटनापाईती में लगी आग से लाखों का नुकसान

नगरबेड़ा (विभास)। बरपेटा जिले के बाघबर विधानसभा क्षेत्र के आलोपति चर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत भाटनापैटी गांव में एक परिवार का घर आग लगने से जलकर खाक हो गया। रविवार रात अचानक लगी आग को देखकर ग्रामीणों ने आग बुझाई और परिजनों ने आग देखकर शोर मचाया और ग्रामीण आग बुझाने में सफल रहे. खबरों के मुताबिक, आग लगने से सोने के गहने और एक लाख रुपए नकद सहित तीन लाख रुपए से अधिक की संपत्ति, भाटनापैटी गांव के स्वाहद अली के घर के दस्तावेज जलकर खाक हो गए। परिजनों ने बताया कि आग रसोई के चूल्हे से निकली। क्षेत्र के निवासियों ने शासन-प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय विधायक से प्रभावित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।

माकुम के हेबेदा चाय बागान में प्रतिबंधित ड्रग्स के साथ एक गिरफ्तार

तिनसुकिया (हिंस)। ड्रग्स के खिलाफ माकुम पुलिस का अभियान जारी है। आज सुबह तिनसुकिया जिलांतर्गत माकुम के हेबेदा चाय बागान से एक ड्रग्स तस्कर को माकुम पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से गिरफ्तार किया गया। माकुम के हेबेदा रोड निवासी विकास दत्ता (27) को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया है। युवक ने प्रतिबंधित ड्रग्स को हेबेदा चाय बागान में छिपा कर रखा था। ड्रग्स को पड़ोसी राज्य नगालैंड के डिमापुर से लाया गया था। जब्त ड्रग्स का वजन 11 ग्राम है। इसका बाजार मूल्य लगभग 70 हजार रुपए होने का अनुमान है। युवक को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई के लिए माकुम पुलिस स्टेशन ले जाया गया है।

होली व हनुमान जन्मोत्सव को लेकर होजाई में आम सभा आयोजित

होजाई (निसं)। रंगों का त्योहार होली व हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने हेतु मारवाड़ी पंचायती होजाई ने साधारण सभा होजाई स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में रविवार को आयोजित की। सभा की अध्यक्षता अध्यक्ष लावण्य कुमार अग्रवाला ने की। वही उद्देश्य की व्याख्या सचिव रमेश मुंदड़ा ने की। सभा में इन दोनों त्योहारों के ऊपर गहन चर्चा के बाद। सर्वसम्मति से होली मिलन समारोह हेतु संयोजक ललित बोरा व सुनील भीसारिया को बनाया गया। सभा में यह निर्णय लिया गया की होलीका दहन हर साल की भांति स्थानीय भारत फील्ड में ही होगा व दूसरे दिन यानी 25 मार्च को रंग खेलने हेतु रूप कुंवर ज्योति प्रसाद अगरवाला स्मृति भवन(मारवाड़ी युवा मंच) में सामूहिक रूप से खेला जाएगा। वहीं उसी दिन सोमवार 5 बजे से जुगल किशोर केडिया स्मृति भवन में सांस्कृतिक संध्या व मिलन समारोह का आयोजन

होगा। दूसरी तरफ इस बार हनुमान जन्मोत्सव समिति अपने 25 वीं वर्षगांठ धूमधाम के साथ मनाने जा रही है। इस हेतु संयोजक दिनेश दीक्षित, मनोज केजरीवाल, प्रवीण सरावगी, राजेश बजाज व संजय मुरारका को बनाया गया है। संयोजक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जल्द ही हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर इसकी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथी सभा में अन्य उन्नयन मूलक विषयों पर भी चर्चा हुई। सभा के दौरान मारवाड़ी पंचायती के उपाध्यक्ष निरंजन सरावगी, कोषाध्यक्ष मनीष बेरीवाल, मारवाड़ी युवा मंच के सचिव अभी मोर, मारवाड़ी पंचायती के पूर्व अध्यक्ष गजानंद केजरीवाल, पूर्व उपाध्यक्ष मोहन मोर, पूर्व सचिव-राजेश केजरीवाल, प्रताप क्याल, सुनील भीमसरिया; प्रमोद मोर, ललित बोरा, मनोज शर्मा, मोतीलाल अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, कैलाश मोर, संतोष सरावगी, सुनील मोर, मनोज केजरीवाल, पवन पंसारी, पीयूष क्याल, अभिषेक पंसारी पंकज गड़ोदिया, नवीन अग्रवाल, दीपक चनानी, राजकमल सुरेका, प्रवीण सरावगी, दिनेश दीक्षित, मुकेश बजाज, सीताराम दायमा, विक्रम शर्मा, अभिषेक सुरेका, निखिल कुमार मूंदड़ा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे। उल्लेखयोग्य है सभा के प्रारंभ में दिवंगत समाज के विशिष्ट व मारवाड़ी पंचायती व मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष शाखा रन सज्जन कुमार शर्मा, धर्म परायण सुशीला देवी क्याल की आत्मा की सद्गति हेतु 1 मिनट का मौन रखा गया। सभा धन्यवाद ज्ञापन के बाद समाप्त हुई।

संपादकीय

अदालती दरवाजे पर ये आंसू

आय प्रमाणपत्र की जरूरत पर आम आदमी के अधिकार अगर अदालत के दरपेश सरकारी कार्यसंस्कृति का निकम्मापन साबित हो सकते हैं, तो जनता की व्यथा का अंदाजा लगाया जा सकता है। माननीय हाई कोर्ट ने आनी के तहसीलदार की कार्यशैली पर प्रतिकूल टिप्पणी नहीं, बल्कि सरकारी व्यवस्था के कर्ताधर्ताओं पर गंभीर प्रश्न चिन्ह लगाए हैं। हैरानी यह कि तमाम गारंटियों, सुशासन के वादों और नित नए प्रयोगों के बावजूद ढर्रा वहीं का वहीं टिका है। एक महिला के आय प्रमाणपत्र के सत्यापन को मिलीं प्रशासनिक ठोकरें, यह लिहाज भी न कर पाईं कि इससे कार्यसंस्कृति, व्यवस्था व सरकार की बदनामी होगी और एक अधिकारी ने एडीएम कोर्ट के आदेश को कारपेट के नीचे छुपा दिया। जो कार्य 22 दिसंबर 2022 को निचले स्तर पर सामान्य प्रक्रिया में हो जाना चाहिए था, उसे सवा साल बाद उच्च न्यायालय के निर्देश पर हल करने का न्याय मिल रहा है। यहां वाजिब सवाल यही है कि प्रशासनिक प्रक्रिया के कायदे-कानूनों में इतनी शिथिलता आ गई है कि आम नागरिक को अदालती प्रक्रिया के उच्च स्तर ढूंढने पड़ेंगे। अगर इसी माथा रगड़ाई के चरित्र में हिमाचल का शासन-प्रशासन चलता रहा, तो अदालतों के दरवाजे पर समाज की जरूरतें आंसुओं से भीगी दिखाई देंगी। जाहिर तौर पर अदालत की टिप्पणी पर गौर फरमाते हुए प्रदेश सरकार को प्रशासनिक सुधारों की दृष्टि से हर दफ्तर को संवेदनशील, कार्यप्रणाली, पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए सुधारों व नियमों की नई परिपाटी स्थापित करनी होगी। बेशक पिछली सरकार ने जनमंचों की अंतहीन श्रृंखला खड़ी कर दी या मौजूदा सरकार ने 'सरकार गांव के द्वार' का अखंड पाठ शुरू कर दिया, लेकिन आनी प्रशासन के कान में अगर जूं तक नहीं रेंगी, तो ऐसे प्रपंचों की क्या आवश्यकता। अगर सरकार अदालतों में फंसे मामलों में आम नागरिक के अनुभवों का संज्ञान ले तो मालूम हो जाएगा कि व्यवस्था के सुराखों से कितना दर्द बह रहा है। आश्चर्य यह कि जो राज्य अपने चुनावी वादों से सत्ता के इरादों तक सिर्फ कर्मचारियों के हितों की बात करता है, उसके प्रशासनिक बिछौने पर इतने कांटे छिपे हैं। कमोबेश यही हाल सार्वजनिक सेवाओं, स्थानीय निकायों तथा विकास के कार्यों का भी है। हम दरअसल सियासी वर्चस्व में प्रशासनिक कामकाज और व्यवस्था का परचम देख रहे हैं और सत्ता की अदलाबदली में स्थानांतरण के हथियार से कर्मचारियों व अधिकारियों को सबक सिखाने की कोशिश करते हैं। हम एक ही पोशाक में राजनीति और प्रशासन को अनुशासित व सक्षम नहीं बना सकते। अभी हाल ही में जिन नौ विधायकों को अयोग्य घोषित किया गया, उनके विधानसभा हलकों के अधिकारियों-कर्मचारियों को बदलने का कारण यही हो सकता है कि प्रशासन अब नेताओं की मिलकीयत की तरह चलता है। इसलिए कई बार फरियादी को नागरिक न मानकर उसे सियासी अखाड़े में देखकर काम होता है। इसका एक और उदाहरण नगर निगम धर्मशाला की महापौर का स्मार्ट सिटी प्रशासन के टकराव में देखा जा सकता है। कायदे से स्मार्ट सिटी के तहत प्रशासनिक व्यवस्था का एक राष्ट्रीय स्वरूप, मानदंड व मानिटरिंग होनी चाहिए, लेकिन राजनीतिक अखाड़ेबाजी में नगर निगम के पार्षद या मेयर को अपनी मिलकीयत के तहत स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का रुतबा चाहिए। विडंबना तो यह है कि आम आदमी को तो अपने लोकतांत्रिक अधिकारों तक की गारंटी नहीं, फिर उसे रोजमर्रा की जरूरतों से कौन निजात दिलाएगा। राजनीति की प्रशासनिक मिलीभगत का ही असर है कि हिमाचल की सरकारी कार्यसंस्कृति अब नेताओं की चाकरी में ऐसे अधिकारी पेश कर रही है, जो हर कदम पर बैसाखियां पहन कर चल कर खुद को सुरक्षित मान रहे हैं। स्थानांतरण नीति के अभाव में ईमानदार अधिकारी के लिए अपनी ईमानदार कार्यशैली या कत्तव्यपरायणता का उदाहरण पेश करने की एक कीमत है।

हाई कोर्ट ने आनी के तहसीलदार की कार्यशैली पर प्रतिकूल टिप्पणी नहीं, बल्कि सरकारी व्यवस्था के कर्ताधर्ताओं पर गंभीर प्रश्न चिन्ह लगाए हैं। हैरानी यह कि तमाम गारंटियों, सुशासन के वादों और नित नए प्रयोगों के बावजूद ढर्रा वहीं का वहीं टिका है। एक महिला के आय प्रमाणपत्र के सत्यापन को मिलीं प्रशासनिक ठोकरें, यह लिहाज भी न कर पाईं कि इससे कार्यसंस्कृति, व्यवस्था व सरकार की बदनामी होगी और एक अधिकारी ने एडीएम कोर्ट के आदेश को कारपेट के नीचे छुपा दिया। जो कार्य 22 दिसंबर 2022 को निचले स्तर पर सामान्य प्रक्रिया में हो जाना चाहिए था, उसे सवा साल बाद उच्च न्यायालय के निर्देश पर हल करने का न्याय मिल रहा है। यहां वाजिब सवाल यही है कि प्रशासनिक प्रक्रिया के कायदे-कानूनों में इतनी शिथिलता आ गई है कि आम नागरिक को अदालती प्रक्रिया के उच्च स्तर ढूंढने पड़ेंगे। अगर इसी माथा रगड़ाई के चरित्र में हिमाचल का शासन-प्रशासन चलता रहा, तो अदालतों के दरवाजे पर समाज की जरूरतें आंसुओं से भीगी दिखाई देंगी। जाहिर तौर पर अदालत की टिप्पणी पर गौर फरमाते हुए प्रदेश सरकार को प्रशासनिक सुधारों की दृष्टि से हर दफ्तर को संवेदनशील, कार्यप्रणाली, पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए सुधारों व नियमों की नई परिपाटी स्थापित करनी होगी।

चुनावी परिदृश्य को जीवंत बनाती है तथा नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप पहुंच और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देती है

पहली बार मतदाता बने युवाओं की लोकतंत्र के उत्सव में बड़ी भूमिका

नीरज चोपड़ा

चुनाव लोकतंत्र का आधार होता हैं, जो नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने का महत्वपूर्ण अधिकार देता है। हालांकि, यह अधिकार निष्क्रिय नहीं है, चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होना एक कर्तव्य है, विशेषकर युवाओं का। ऐतिहासिक रूप से, युवाओं ने सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व किया है और चुनावों में उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए, मतदाता पंजीकरण से लेकर जमीनी स्तर पर प्रचार अभियान तक के प्रत्येक चरण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता होती है। पहली बार के मतदाता नए दृष्टिकोण के साथ पारदर्शिता और समावेश जैसे आदर्श लेकर आते हैं।

खिलाड़ी अपने समर्पण, दृढ़ता और टीम भावना के माध्यम से देश की सेवा करते हैं। चाहे घरेलू मैदान हो या विदेशी, देश की जर्सी पहनना एक विशेषाधिकार और जिम्मेदारी दोनों है। लेकिन दुनिया के सबसे जीवंत लोकतंत्र के एक अभिन्न अंग के रूप में हम खिलाड़ी और युवा भारतीय एक और विशेषाधिकार की आकांक्षा करते हैं-वह है मतदान। चुनाव लोकतंत्र का आधार होता हैं, जो नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने का महत्वपूर्ण अधिकार देता है। हालांकि, यह अधिकार निष्क्रिय नहीं है, चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होना एक कर्तव्य है, विशेषकर युवाओं का। ऐतिहासिक रूप से, युवाओं ने सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व किया है और चुनावों में उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए, मतदाता पंजीकरण से लेकर जमीनी स्तर पर प्रचार अभियान तक के प्रत्येक चरण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता होती है। पहली बार के मतदाता नए दृष्टिकोण के साथ पारदर्शिता और समावेश जैसे आदर्श लेकर आते हैं। एक युवा मतदाता की ऊर्जा और तकनीक-प्रेमी प्रकृति, चुनावी परिदृश्य को जीवंत बनाती है तथा नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप पहुंच और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देती है। युवा निर्वाचित प्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाने एवं जनता से जुड़े मुद्दों का समर्थन करने व आवाज उठाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा इस प्रकार लोकतंत्र के महत्व और इसके प्रति निष्ठा की रक्षा करते हैं। महात्मा गांधी के शब्दों में, ''भविष्य इस पर निर्भर करता है कि आप आज क्या करते हैं।' लोकतंत्र का पहिया एक बार फिर से घूम रहा है, भारत में आम चुनाव, 2024 की तैयारी चल रही है, ऐसे में राष्ट्र के भाग्य को स्वरूप देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया जाना जरूरी है। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम ''मन की बात'' में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता के महत्व पर जोर दिया और पहली बार मतदाता बने युवाओं के लिए लक्षित निर्वाचन आयोग के ''मेरा पहला वोट देश के लिए'' अभियान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने भारत के

युवाओं के जोश और उत्साह की सराहना की तथा उनसे सक्रिय रूप से मतदान में भाग लेने की अपील की क्योंकि देश के भविष्य पर इसका प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। पहली बार मतदाता बने युवाओं से रिकॉर्ड संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए, उन्होंने देश की नियति को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न सेक्टरों से जुड़े प्रभावशाली लोगों से अभियान में शामिल होने तथा सामाजिक बदलाव को प्रेरित करने में उनकी प्रभावी भूमिका को स्वीकार करते हुए युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने की अपील की। चुनावी माहौल के बीच, उन्होंने युवाओं से न केवल राजनीतिक कार्यकलापों में भाग लेने का आग्रह किया बल्कि वर्तमान में जारी चर्चाओं और बहसों के बारे में भी जानकारी रखने की अपील की। भारतीय निर्वाचन आयोग चुनावों में युवाओं की सार्वजनिक प्रबुद्ध सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान चला रहा है। केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने अभियान गीत लॉन्च किया जो युवा मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने की देश की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह अभियान गीत मतदाता जागरूकता अभियान का एक हिस्सा है जो चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी की अपील की भावना का प्रतीक है। देश भर के युवा इस अभियान गीत को अपने युवा मित्रों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के आह्वान के रूप में अपना रहे हैं। इस पहल के तहत उच्च शिक्षा संस्थान (एचईआई) देश भर में मतदाता जागरूकता कार्यकलापों का आयोजन कर रहे हैं और अधिक प्रतिनिधि लोकतंत्र के लिए मतदान करने के मूल्य पर जोर दे रहे हैं। जहां उच्च शिक्षा संस्थान वास्तविक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं, ऑनलाइन प्रतियोगिताएं भी माईगव प्लेटफॉर्म पर आयोजित की जा रही हैं जिनमें ब्लॉग लेखन, पॉडकास्ट, वाद-विवाद आदि का आयोजन किया जा रहा है जिससे कि कंटेंट सृजन में रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया जा सके। कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, फ्लैश मौब्स तथा मतदाता संकल्प अभियान छात्रों को चुनावी प्रक्रिया की तरफ और अधिक आकर्षित कर रहे हैं तथा इन्हें इसके बारे में शिक्षित कर रहे हैं जिसमें एनएसएस स्वयंसेवक तथा संस्थान के क्लब सक्रिय रूप से अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री की अपील के जवाब में, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब और मनोरंजन उद्योग सहित विभिन्न प्लेटफार्मों के प्रभावशाली लोग सक्रिय रूप से इस अभियान का समर्थन कर रहे हैं और पहली बार मतदाता बने युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। देश के कोने-कोने से खेल, मनोरंजन, व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ने वाले प्रमुख नाम इस संदेश को दूर-दूर तक फैलाने के लिए एक साथ आए हैं। इस अभियान में जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद सिराज, अवनि लेखारा, सैखोम मीराबाई चानू जैसे मेरे साथी खिलाड़ी और अनिल कपूर, प्रोसेनजीत चटर्जी, रवीना टंडन, राणा डूग्गुबाती, कैलाश खेर, श्रेया घोषाल जैसी फिल्मी हस्तियां व रितेश अग्रवाल, बी. वी. आर. मोहन रेड्डी जैसे उद्योग जगत के अगुआ और कई पद्म पुरस्कार विजेताओं ने भाग लिया है, जिससे यह अभियान मतदाता जागरुकता का एक 'राष्ट्रीय आंदोलन' बन गया है। यह 'जन आंदोलन' युवाओं की आवाज की सामूहिक शक्ति और देश के लोकतांत्रिक परिदृश्य को आकार देने में उनकी सक्रिय भागीदारी के महत्व को रेखांकित करता है। आइए हम इस जिम्मेदारी को उठाने और अपनी सामूहिक आवाज की ताकत का उत्सव मनाने के लिए एकजुट हों। आइए हम इस चुनौती को स्वीकार करें, आइए हम अपनी आवाज उठायें और आइए हम दूसरों को भी ऐसा करने के लिए सशक्त बनायें।

दृष्टि कोण

डर कर काम करता है सरकारी तंत्र

सरकारी मशीनरी डंडे के जोर से काम करती है। इसका उदाहरण चुनावी बांड के खुलासे से हो गया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने इस मामले को टरकाने के प्रयास किए, किन्तु सुप्रीम कोर्ट के सामने दाल नहीं गल सकी। बांड के जरिए चुनावी चंदा देने वाले उद्योगपतियों के नाम और राशि छिपाने के एसबीआई के सारे प्रयासों पर सुप्रीम कोर्ट ने पानी फेर दिया। एसबीआई की मंशा थी कि इस चंदे के मामले का खुलासा जून महीने के बाद किया जाए ताकि लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद इस मामले को आने वाली केंद्र सरकार संभाल सके। एसबीआई ने इस बांड खुलासे की अवधि को लंबा खींचने के लिए कई तरह के बहाने बनाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में साफ कह दिया कि यदि निर्धारित तारीख तक इसकी जानकारी चुनाव आयोग को नहीं दी गई और चंदे का ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भारतीय चुनाव आयोग ने 14 मार्च को चुनावी बॉन्ड से जुड़े डेटा को जारी किया था। चुनावी बॉन्ड यानी इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा डेटा वही डेटा है जिसे चुनाव आयोग के साथ 12 मार्च को एसबाआई ने शेयर किया था। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर 2 लिस्ट जारी किए गए हैं। इसमें कुल 763 पन्ने हैं जिनमें चुनावी बॉन्ड खरीदने वाली कंपनियों और लोगों के नाम शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के सामने एसबीआई ने घुटने टेक दिए। जिस विवरण को जुटाने के लिए जून माह तक समय मांगा जा रहा था, उसे एसबीआई ने चंद दिनों में ही पूरा कर दिखाया। इससे जाहिर है कि कार्रवाई के भय से सरकारी तंत्र तूफान की गति से काम कर सकता है। सरकारी मशीनरी में लगी जंग तभी हटती है, सुप्रीम कोर्ट जैसे आदेशों की पालना करनी होती है। गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जब किसी सरकारी विभाग ने कोर्ट के भय के मारे घोड़े की गति से काम किया है। कोयला घोटाले की स्टेटस रिपोर्ट के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो इसका दूसरा बड़ा उदाहरण है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कानून मंत्री और पीएमओ की दखलअंदाजी को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। नाराजगी जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख शब्दों में कहा था कि सीबीआई के कई मास्टर हैं और जांच एजेंसी पिंजड़े में कैद तोते जैसी है। सरकार को फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जब सीबीआई स्वतंत्र ही नहीं है तो वो निष्पक्ष जांच कैसे कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीबीआई वो तोता है जो पिंजरे में कैद है जबकि सीबीआई एक स्वायत्त संस्था है और उसे अपनी स्वायत्तता बरकरार रखनी चाहिए। सीबीआई को एक तोते की तरह अपने मास्टर की बातें नहीं दोहरानी चाहिए। एसबीआई ने भी सीबीआई की तरह व्यवहार किया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट को सख्ती दिखाने पर विवश होना पड़ा। एसबीआई फिर भी होशियारी दिखा रही है। अदालत ने बैंक से पूछा है कि बॉन्ड नंबरों का खुलासा क्यों नहीं किया। बैंक ने अल्फा न्यूमिरिक नंबर क्यों नहीं बताया। अदालत ने एसबीआई को बॉन्ड नंबर का खुलासा करने का आदेश दिया है। अदालत का आदेश है कि सील कवर में रखा गया डेटा चुनाव आयोग को दिया जाए, क्योंकि उनको इसे अपलोड करना है। अदालत ने कहा कि बॉन्ड खरीदने और भुनाने की तारीख बतानी चाहिए थी। दरअसल यूनिक आईडी हर एक बॉन्ड का यूनिक नंबर होता है। इसके जरिए आसानी से यह पता लगाया जा सकेगा कि आखिर किस कंपनी या व्यक्ति ने किस पार्टी को चंदा दिया है। चंदा देने वाले और चंदा पाने वालों की सभी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेगी। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि बॉन्ड नंबरों से पता चल सकेगा कि किस दानदाता ने किस पार्टी को कितना चंदा दिया है। केंद्र सरकार की इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम शुरू से ही विवादों में घिरी रही है। इस स्कीम के तहत जनवरी 2018 और जनवरी 2024 के बीच 16518 करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे गए थे और इसमें से ज्यादातर राशि राजनीतिक दलों को चुनावी फंडिंग के तौर पर दी गई थी। इस राशि का सबसे बड़ा हिस्सा केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को मिला था। इन बॉन्ड्स पर पारदर्शिता को लेकर कई सवाल उठ रहे थे और ये आरोप लग रहा था कि ये योजना मनी लॉन्डरिंग या काले धन को सफेद करने के लिए इस्तेमाल हो रही थी। इलेक्टोरल बॉन्ड्स की वैधता पर सवाल उठाते हुए एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉम्र्स (एडीआर), कॉमन कॉज और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी समेत पांच याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

कुछ अलग

मैं निठल्ला नहीं बैठा हूं...

देखिए जनाब! मुझ पर आप लाख तरह के आरोप लगा सकते हैं, लेकिन यह आरोप बिल्कुल नहीं लगा सकते कि मैं कुछ कर्ता-धर्ता नहीं हूं और निठल्ला बैठा सरकार की सब्सिडी खाता रहता हूं। ऐसा आरोप मैं बिल्कुल नहीं सुन सकता। पचास-साठ लोग एक साथ मिलकर कहें तो भी नहीं सुन सकता। पहली बात तो यह है कि मेरे सारे खाते सील हैं। उनमें सब्सिडी आ ही नहीं सकती। दूसरा, मेरे पास सब्सिडी खाने की फुर्सत ही नहीं है। मैं दिन-रात व्यस्त ही बहुत रहता हूं और ऊपर से आप यह तोहमत लगा रहे हैं कि मैं निठल्ले बैठा रहता हूं। ऐसा भला हो भी कैसे सकता है? जिस तरह देश आजाद होने के बाद से लीडर लोग निठल्ले नहीं बैठे हैं, धर्म के ठेकेदार निठल्ले नहीं बैठे हैं, कबूतरबाज निठल्ले नहीं बैठे हैं, जमाखोर निठल्ले नहीं बैठे हैं, कुछ न कुछ कर ही रहे हैं, उसी तरह मैं भी निठल्ले थोड़ी बैठा हूं। कोई शक है तो मेरी आउटपुट देख लो। जब से इस दुनिया में आया हूं, कुछ न कुछ कर ही रहा हूं। चाहो तो थानों का रिकॉर्ड चेक कर लो। विजिलेंस वालों से पूछ लो। गुंडों, बाहुबलियों से पुष्टि करवा लो। छत्तीस सौ मामले मेरे खिलाफ चल रहे हैं। पचासों एफआईआर दर्ज हैं। दर्जनों घोटाले किए हैं। छेड़ख़ानी के मामले अलग से हैं। यहां तक कि सरकारी रिकॉर्ड से छेड़छाड़ करने में भी कहीं कोई कसर बाकी नहीं रखी। आम आदमी से पूछ कर देख लो। वह ही आपको बता देगा कि हमने डंके की चोट पर फलां फलां की जमीन पर अवैध कब्जे कर रखे हैं और फलां फलां को झूठे मामलों में अंदर करवा रखा है। इतने सारे काम निठल्ले बैठकर थोड़ी हो सकते हैं। कमाल है। फिर भी आप मुझ पर शक कर रहे हैं कि मैं निठल्ला बैठा हूं। कुछ कर नहीं रहा। क्या जो मैंने अब तक किया, वह किसी काम की श्रेणी में नहीं आता? क्या निठल्ला आदमी इतने काम कर सकता है? क्या पुलिस और लीडरों से सेटिंग निठल्ले बैठे हो जाती है! अगर पुलिस और लीडरों को कोई काम नहीं है तो इसका मतलब यह थोड़ी है कि मुझे भी कोई काम नहीं है! अपनी फैक्टरी में जो नकली खाद तैयार करता हूं, क्या वह कोई काम नहीं है? अपने बेटे के नाम पर चली दूसरी फैक्टरी में जो नकली दवाई तैयार करता हूं, तो क्या वह कोई काम नहीं है? क्या दोनों फैक्टरियां ऐसे ही चल रही हैं? अगर मैं निठल्ला होता तो घर में इतने नौकर चाकर कहां से होते? पत्नी की उंगलियों में इतनी रत्नजड़ित अंगूठियां कहां से आती! बाहुबली मेरे अंग संग क्यों रहते? उनके खर्चे मैं कहां से पूरे करता! विदेशी बैंकों में मेरे लॉकर कहां से होते? होटलों और क्लबों में जाकर इंजॉय कैसे करता? देसी और विदेशी सुंदरियां मेरी संगत क्यों करती? अधिकारी लोग मेरे घर में महंगे महंगे गिफ्ट लेकर क्यों आते! इतने सारे काम मैंने शुरू कर रखे हैं कि मैं निठल्ला बैठ ही नहीं सकता। अगर बैठ गया तो विरोधी कल को मेरे यहां रेड करवा देंगे। मुझे ऐसी असंवैधानिक चीजों से बहुत डर लगता है। मैं इनसे बचने की योजनाएं हर वक्त बनाता रहता हूं। निठल्ला तो बिल्कुल नहीं बैठता। लेकिन मेरे पास तो गप्पें मारने की भी फुर्सत नहीं है। इतने लोग सलाह लेने आते हैं कि कोरी गप्प मार कर अपना कीमती समय बर्बाद करने का टाइम ही नहीं मिलता। इतना बिजी हूं कि मुझे तो भगवान का नाम लेने का भी टाइम नहीं मिलता। सुबह उठते ही भगवान से क्षमा याचना करके कह देता हूं कि मेरी व्यस्तताओं को समझें और फिजूल में बुरा न मानें। भगवान को भी मालूम है कि मैं कभी निठल्ला नहीं बैठता। देश हित में कुछ न कुछ करके अपना हित साधता ही रहता हूं। कोई और काम न हो तो समाज सेवा कर लेता हूं। क्या समाज सेवा निठल्ले आदमियों के बस की बात है? फिर भी आपको शक है तो एक बात बताओ।

देश दुनीया से

विद्यार्थियों के लिए फिटनेस कार्यक्रम

शिक्षण विषयों के रिपोर्ट कार्ड की तरह स्वास्थ्य के मानकों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रत्येक विद्यार्थी का हर स्कूल में अनिवार्य रूप से हो, क्योंकि भाषा व अन्य शिक्षण विषयों की तरह ही स्वास्थ्य के मूल स्तंभ स्पीड, सट्रेंथ, इडोरैंस व लचक आदि का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी उसी उम्र में शुरू करना होता है। शिक्षण विषयों के लिए तो स्कूलों के पास शिक्षक सहित पूरा प्रबंध है, मगर स्वास्थ्य के घटकों को विकसित करके उनका मूल्यांकन करने की कोई भी सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस कॉलम के माध्यम से कई बार इस विषय पर स्कूलों व अभिभावकों को चेताया जा चुका है, मगर कोई भी समझने के लिए तैयार नहीं है।

वर्षों से स्कूली स्तर पर फिटनेस कार्यक्रम शुरू करने की बात इस कॉलम के माध्यम से हो रही है, मगर हिमाचल प्रदेश का कोई भी सरकारी या निजी स्कूल अपने यहां फिटनेस कार्यक्रम लागू करने में नाकाम रहा है। कई बार नए शिक्षा सत्र शुरू होकर खत्म हो गए, मगर फिटनेस कार्यक्रम कहीं भी शुरू नहीं हो पाया है। मगर इस वर्ष हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के विद्यालयों में विद्यार्थियों की सामान्य फिटनेस के लिए पहले की तरह अनिवार्य रूप से ड्रिल के पीरियड का प्रावधान किया है। शिक्षण विषयों के रिपोर्ट कार्ड की तरह स्वास्थ्य के मानकों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रत्येक विद्यार्थी का हर स्कूल में अनिवार्य रूप से हो, क्योंकि भाषा व अन्य शिक्षण विषयों की तरह ही स्वास्थ्य के मूल स्तंभ स्पीड, सट्रेंथ, इडोरैंस व लचक आदि का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी उसी उम्र में शुरू करना होता है। शिक्षण विषयों के लिए तो स्कूलों के पास शिक्षक सहित पूरा प्रबंध है, मगर स्वास्थ्य के घटकों को विकसित करके उनका मूल्यांकन करने की कोई भी सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस कॉलम के माध्यम से कई बार इस विषय पर स्कूलों व अभिभावकों को चेताया जा चुका है, मगर कोई भी समझने के लिए तैयार नहीं है। किसी भी देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है, जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है, इसलिए सरकार, स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों को इस विषय पर जरूरी कदम जल्दी ही उठा लेने चाहिएं। यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते-आते समझदार हो गया होता है। माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विधाओं में व्यस्त रखने के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडऩा बेहद जरूरी हो जाता है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ-साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है जिससे वे आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सकें। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है। खेल ही वह माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी को नशे से दूर रखा जा सकता है। पड़ोसी राज्य पंजाब एक समय तरक्की में देश का अग्रणी राज्य रहा है। खेलों में उत्कृष्टता उस प्रदेश की तरक्की व खुशहाली का भी पैमाना होती है। पंजाब में हजारों प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खेल प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होने के साथ-साथ खेल प्रशिक्षण के लिए आधारभूत ढांचा होना वहां के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कारण रहा था। बाद में जब पंजाब धीरे-धीरे खेलों से दूर हुआ तो पहले वहां आतंकवाद और फिर आजकल पंजाब नशे का अड्डा बना हुआ है। यही कारण है कि हर क्षेत्र में आज हरियाणा पंजाब से काफी आगे निकल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एशियाई, राष्ट्रमंडल व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता होने पर

खिलाडियों को करोड़ों रुपए के नगद ईनाम व सम्मानजनक नौकरी देकर हरियाणा में खेलों के लिए बहुत ही उपयुक्त वातावरण तैयार किया है। उसी का नतीजा है कि आज हरियाणा का हर किशोर व युवा किसी न किसी खेल के मैदान में नजर आता है। हिमाचल प्रदेश में भी पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेश की खेलों के लिए अपने पहले कार्यकाल से ही कई महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड, सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण तथा देश में प्रशिक्षक कैडर डाईंग हो जाने के बाद पहली बार प्रशिक्षकों की भर्ती जैसे बहुत बड़े खेल सुधार किए। हिमाचल प्रदेश की खेल सुविधाओं का प्रयोग राज्य में स्वास्थ्य व खेलों के लिए बड़े स्तर पर करना चाहिए। हिमाचल प्रदेश इस समय शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। पिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसका प्रमुख कारण विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना है। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांव में रहती थी। वहां पर सवेरे-शाम वर्षों पहले विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कृषि व अन्य घरेलू कार्यों में सहायता करते थे। छात्र विद्यालय आने-जाने के लिए कई किलोमीटर दिन में पैदल चलता था।

आप का नजरीया

एक देश, कई चुनाव

भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने 'एक देश, एक चुनाव' पर अपनी रपट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। यह रपट व्यापक विमर्श का महादस्तावेज है, लिहाजा यह संदेह करना कि देश में एक ही पार्टी काम करेगी या 2029 के बाद देश में चुनाव ही नहीं होंगे, फिजूल और पूर्वाग्रह है। करीब 7 माह के दौरान 65 बैठकें की गईं, 11 रपटों का अध्ययन किया गया और 21,558 लोगों से बातचीत कर उनकी राय ली गई। उनमें से 80 फीसदी से अधिक लोग 'एक देश, एक चुनाव' के समर्थन में थे। विशालकाय रपट 18,626 पन्नों की है। गौरतलब यह है कि देश के चार पूर्व प्रधान न्यायाधीशों- जस्टिस दीपक मिश्रा, रंजन गोगोई, शरद अरविंद और यूयू ललित- ने 'एक चुनाव' का समर्थन किया है। उच्च न्यायालय के 12 पूर्व मुख्य न्यायाधीशों में से सिर्फ तीन ही विरोध में थे। जाहिर है कि कानून और संविधान के विशेषज्ञों का प्रचंड बहुमत 'एक चुनाव' के पक्ष में है। समिति ने 47 राजनीतिक दलों का पक्ष भी जाना, तो 15 दलों ने विरोध जताया। उनमें कांग्रेस, सीपीएम, बसपा, आप सरीखे राष्ट्रीय दलों समेत तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, सीपीआई, ओवैसी की पार्टी, एमडीएमके, नगा पीपुल्स फ्रंट, सीपीआई (एमएल) और सपा आदि क्षेत्रीय दल भी नई व्यवस्था के खिलाफ हैं। जाहिर है कि वे मौजूदा सत्ता-पक्ष भाजपा-एनडीए के विरोधी हैं, लेकिन क्या 32 राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के समर्थन को खारिज किया जा सकता है? याद रहे कि कांग्रेस ही उस समय देश पर राज कर रही थी, जब 'एक चुनाव' ही होते थे। लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाते थे। यह दीगर है कि तब संसाधन कम चाहिए थे और मतदान मतपत्रों के जरिए होते थे। अब मौजूदा आम चुनाव में ही 10 लाख से अधिक ईवीएम लगाई जाती हैं और 1.5 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी चुनाव ड्यूटी देते हैं। सुरक

गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगा : कल्पना

रांची (हिंस)। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि हमारी लड़ाई लंबी है और हमें अभी बहुत ताकत की जरूरत है। हेमंत सोरेन हमारे साथ नहीं हैं। गठबंधन मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतरेगा। इसकी शुरुआत मंगलवार से हम लोग कर रहे हैं। कल्पना सोरेन भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होकर मुंबई से लौटने के बाद सोमवार को रांची एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। वह गठबंधन के तहत झामुमो की ओर से भाग लेने गई थीं। उन्होंने कहा कि गांडेय विधानसभा से अभी हमारी उम्मीदवारी तय नहीं हुई है। पार्टी जो तय करेगी उस पर काम किया जाएगा।

लोस चुनाव-2024 : इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया में आचार संहिता अनुपालन पर दिशा-निर्देश जारी

गाजियाबाद (हिंस)। महात्मा गांधी सभागार, कलैक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आदर्श आचार संहिता के संबंध में शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से मीडिया व रविवार को प्रिंटिंग प्रेस के प्रतिनिधियों/प्रबंधकों/संचालकों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता के संबंध में जारी दिशा निर्देशों में पढ़कर बताया कि प्रेस का यह कर्तव्य होगा कि वह चुनावों और उम्मीदवारों के बारे में वस्तुनिष्ठ रिपोर्ट दें। समाचार पत्रों से यह अपेक्षा नहीं की जाती है कि वे, चुनाव के दौरान किसी भी उम्मीदवार/पार्टी या घटना के बारे में दिगभ्रमित चुनाव अभियान, अतिश्योक्तिपूर्ण रिपोर्ट न दें। सामान्य तौर पर, दो या तीन करीबी उम्मीदवार सभी मीडिया का ध्यान आकर्षित करते हैं। वास्तविक अभियान पर रिपोर्टिंग करते समय, एक समाचार पत्र उम्मीदवार द्वारा उठाए गए किसी भी महत्वपूर्ण बिंदु को बिना छोड़े उम्मीदवार के प्रतिद्वंद्वी पर टीका टिप्पणी नहीं कर सकता है। चुनाव नियमों के तहत सांप्रदायिक या जाति के आधार पर चुनाव प्रचार पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसलिए, प्रेस को उन रिपोर्टों से बचना चाहिए, जो धर्म, जाति, सम्प्रदाय, समुदाय या भाषा के आधार पर लोगों के बीच शत्रुता या घृणा की भावनाओं को बढ़ावा देती हैं। किसी भी तरह से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक या किसी अन्य मीडिया द्वारा किसी भी जनमत सर्वेक्षण या एक्जिट पोल के परिणाम को प्रकाशित, प्रचारित या प्रसारित नहीं किया जाएगा। इसके सहित अन्य दिशा निर्देशों के पत्रों को जारी किया। इसके साथ प्रिंटिंग प्रेस वालों को बताया कि कोई व्यक्ति किसी ऐसे निर्वाचन पम्फलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण या प्रकाशन नहीं करेगा अथवा मुद्रित या प्रकाशित नहीं करवायेगा, जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक एवं इसके प्रकाशक का नाम व पता न हो। सभी होर्डिंग, विज्ञापन इत्यादि संबंधित प्राधिकारियों द्वारा तुरन्त हटा दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्ति, अखबारों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सहित अन्य मीडिया पर सरकारी राजकोष के खर्चे पर कोई विज्ञापन जारी नहीं किया जाएगा। आदर्श आचार संहिता के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में सभी मीडिया बंधुओं/ प्रिंटिंग प्रेस वालों को भारत निर्वाचन आयोजन द्वारा भेजी गई दिशा-निर्देशों की सूची उपलब्ध कराई गई।

मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का वाल्मीकि समाज ने लिया संकल्प

कानपुर (हिंस)। अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि के नाम पर एयरपोर्ट बनाकर नरेंद्र मोदी ने वाल्मीकि समाज का सम्मान बढ़ाया। हमारा समाज तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प किया है। यह बात सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल से मिलने पहुंचे वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य किशन लाल ने कहा। वाल्मीकि समाज के नेताओं ने कहा नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में वाल्मीकि समाज विशेष कर सफाई कर्मचारियों के पैर धोकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया वहां पर वाल्मीकि समाज ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प किया। भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र में वाल्मीकि समाज सफाई कर्मचारी को नियमित किए जाने तथा स्वीपर कॉलोनियों को नियमित किए जाने तथा स्वीपर कॉलोनी का स्वामित्व प्रदान किए जाने हेतु संकल्प पत्र में सम्मिलित किए जाने का भी अनुरोध किया गया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी कानपुर दक्षिण

के जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह दिलीप गुप्ता एवं बाल्मिक समाज के किशन लाल सुदर्शन रामगोपाल समुद्री राजू नगीना राजू वाल्मीकि धीरज वाल्मीकि रवि हवेलकर आदि उपस्थित रहे।

बिना पूर्व अनुमति के नहीं निकलेंगी रैली, जुलूस लाउडस्पीकर के लिए भी लेनी होगी अनुमति

बीकानेर (हिंस)। जिला मजिस्ट्रेट नम्रता द्वारा जारी आदेशानुसार जिले में कोई व्यक्ति अथवा राजनीतिक दल और संस्था सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना जुलूस, सभा एवं सार्वजनिक मीटिंग का आयोजन नहीं करेगा, साथ ही सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर) का उपयोग भी नहीं किया जा सकेगा। सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक की अवधि में सक्षम अधिकारी द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर) के उपयोग की लिखित अनुमति दी जा सकेगी। रात्रि दस बजे से प्रात: छह बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार वर्जित रहेगा। ऐसे आयोजनों में कोई इस प्रकार का कृत्य नहीं करेगा जिसमें यातायात व्यवस्था, जन व्यवस्था एवं जनशांति विक्षुब्ध हो। यह प्रतिबंध बारात व शवयात्रा पर लागू नहीं होगा। जिले में आदर्श आचार संहिता के दौरान निर्वाचन के प्रचार के उदेश्य से टेलीफोन, मोबाईल कॉल, डोर-टू-डोर अभियान, एसएमएस वाट्सअप, इंस्टाग्राम, सोशल मीडिया सहित प्रचार संबंधी गतिविधि रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक प्रतिबंधित होगी। कोई व्यक्ति अथवा राजनीतिक दल या संस्था ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर) किसी भी प्रकार के वाहन पर लगाकर उपयोग लेने की अनुमति प्राप्त करने के लिए सक्षम अधिकारी को आवेदन करेगें तथा आवेदन में वाहन संख्या, वाहन की रजिस्ट्रेशन संख्या व वाहन की किस्म का अंकन करेगें। सक्षम अधिकारी की लिखित में अनुमति के पश्चात ही ध्वनिविस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जा सकेगा। जुलूस, सभा एवं सार्वजनिक मीटिंग व ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुमति के लिए सक्षम अधिकारी बीकानेर शहर में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) तथा उपखंड क्षेत्र में संबंधित उपखंड मजिस्ट्रेट होंगे।

देश की जनता दस सालों में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से त्रस्त : अखिलेश यादव

लखनऊ (हिंस)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के दस सालों में देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से त्रस्त रही है। भाजपा ने देश में संगठित रूप से नए तरीके के भ्रष्टाचार का रास्ता बनाया। सत्ता का दुरुपयोग किया। सरकारी एजेंसियों का प्रयोग विपक्षी दलों को बदनाम करने और भाजपा को मजबूत करने के लिए किया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र को कमजोर किया। नौजवानों, किसानों, व्यापारियों का शोषण किया। भाजपा ने देश की जनता को धोखा क्यों दिया? इलेक्टोरल बांड के नाम पर देश भर में वसूली की। तमाम कंपनियों को डरा धमकाकर इलेक्टोरल बांड खरीदवाया। चुनावी चंदे के नाम पर हजारों करोड़ रुपए वसूलना अनैतिक है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार के नए तरीके से खुद मालामाल होती रही। चुनावों में धन बल का दुरूपयोग किया वहीं दूसरी तरफ देश का नौजवान और किसान बेरोजगारी और गरीबी से तंग आकर आत्महत्या करने पर मजबूर हो गया। भाजपा की दस साल की सरकार में देश में कर्ज और गरीबी से परेशान एक लाख से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या की। भाजपा का किसानों से झूठ बोलना पाप के समान है। किसानों की आय दोगुनी क्यों नहीं हुई? उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने वादा करने के बाद किसानों को उनकी फसलों की एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं दिया।

किसानों की मांग पूरी करने के बजाय भाजपा ने किसानों को अपमानित किया। उत्तर प्रदेश और देश में नौजवान और छात्र नौकरी, रोजगार के लिए भटक रहें है। भाजपा ने प्रतियोगी छात्रों के साथ धोखा किया। विभागों में लाखों पद खाली होने के बावजूद नौकरियों में भर्ती नहीं की। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव करीब देखकर जो भर्तियां निकली साजिश के तहत उनके पेपर लीक करा दिए, जिससे नौकरियां न देनी पड़े। भाजपा की नीयत युवाओं को नौकरियां देने की कभी नहीं रही है। भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में युवाओं की पूरी एक पीढ़ी का भविष्य बर्बाद कर दिया है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लाखों रूपया खर्च कर चुके छात्रों में हताशा, निराशा और भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में छात्र, नौजवान, किसान, और व्यापारी भाजपा सरकार के खिलाफ वोट डालकर उसे लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता से बाहर करेंगे। भाजपा सत्ता से हटेगी तभी नौजवानों को नौकरी मिलेगी। तभी किसानों की मांग पूरी होगी और व्यापारियों को राहत मिलेगी।

बिहार के खगड़िया में सड़क हादसा सात की मौत

पटना (हिंस)। बिहार के खगड़िया जिले में सोमवार सुबह हुए सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा खगड़िया जिले के पसराहा थाना क्षेत्र के एनएच 31 पर हुआ। हादसे में सात सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार सवार सभी लोग बारात से लौट रहे थे। इस दौरान ट्रैक्टर से कार टकरा गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार कार सवार बाराती चौथम प्रखंड इलाके से शादी कार्यक्रम के बाद लौट रहे थे। जिले के मड़ैया थाना क्षेत्र के बिठला गांव के रहने वाले इंद्रदेव ठाकुर के मंझले बेटे की शादी में शामिल होने के लिए सभी लोग चौथम ठुठ्ठी मोहनपुर के धमहरा गए थे। वहां से लौटते वक्त पसराहा विधारतन पेट्रोल पंप के पास बारातियों से भरी कार सीमेंट लदे ट्रैक्टर से टकरा गई। चश्मदीदों के मुताबिक कार में कुल 11 लोग सवार थे।

राजस्थान के जिन गांवों में 1857 की क्रांति में आंदोलन हुआ, वहां स्मारक बनाए जाएंगे

अजमेर (हिंस)। राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि राजस्थान के जिन भी लोगों के पास 1857 की क्रांति से जुड़े दस्तावेज हैं, उनके बारे में प्राधिकरण के जयपुर में पर्यटन विभाग में संचालित मुख्यालय में जानकारी दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि देश की आजादी में 1857 की क्रांति की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए राजस्थान के जिन गांवों में 1857 की क्रांति में आंदोलन हुआ, वहां स्मारक बनाए जाएंगे। इस स्मारक में उन ग्रामीणों के नाम लिखे जाएंगे जिन्होंने बलिदान दिया या फिर अंग्रेजों की यातनाएं सही। जिन गांवों में स्मारक बनेंगे उन्हें स्वातंत्र गांव कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि 1857 की इस क्रांति में ही अंग्रेजों के खिलाफ आजादी के आंदोलन की नींव डाली। यह बात अलग है तब अंग्रेजों ने इस क्रांति को कुचल दिया। लखावत ने कहा कि अंग्रेजों द्वारा

बताए इतिहास के मुताबिक आजादी के बाद अनेक लोगों ने स्वतंत्रता सेनानी की पेंशन भी प्राप्त कर ली, लेकिन जिन लोगों ने 1857 की क्रांति में बलिदान दिया, उनका इतिहास में बहुत कम उल्लेख है। स्वतंत्रता आंदोलन में राजस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, इसलिए 1857 की क्रांति में भी राजस्थान के सैकड़ों गांवों में अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल बजा। तब अंग्रेजों ने हमारे इन ग्रामीण वीरों को मौत के घाट उतार दिया। लखावत ने बताया कि 1857 की क्रांति में शहीद हुए ग्रामीणों के स्मारक को लेकर हाल ही में उनकी मुलाकात भजनलाल शर्मा से हुई। मुख्यमंत्री की सहमति के बाद ही यह निर्णय लिया गया है कि राजस्थान के जिन गांवों में 1857 की क्रांति में आंदोलन हुआ, वहां स्मारक बनाए जाएंगे। इस स्मारक में उन ग्रामीणों के नाम लिखे जाएंगे जिन्होंने बलिदान दिया या फिर अंग्रेजों की यातनाएं सही। लखावत ने कहा कि ऐसे शहीदों और क्रांतिकारियों के बारे में उन्होंने विस्तृत अध्ययन भी किया है। ऐसी कई किताबें हैं जिनमें 1857 की क्रांति के योद्धाओं का उल्लेख हैं। उनका प्रयास होगा कि ऐसे सभी योद्धाओं को सम्मान दिलवा सकें। जिस गांव में स्मारक बनेंगे उन पर फिलहाल एक करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। लखावत ने कहा कि राजस्थान में महाराणा प्रताप जैसे योद्धा हुए हैं। जिन्होंने कभी भी आक्रमणकारियों की अधीनता स्वीकार नहीं की। आज भी हल्दी घाटी की मिट्टी को माथे पर लगाकर हम गौरवान्वित होते हैं। लखावत ने माना कि आजादी के बाद जो इतिहास लिखा जाना चाहिए था, वह नहीं लिखा गया। भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों की भूमिका को कम आंका गया। जबकि भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों की वजह से ही देश को आजादी मिली।

निर्वाचन अधिकारी ने किया टीमों का गठन, हर गतिविधि पर रहेगी नजर

मीरजापुर (हिंस)। लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय, सहायक व्यय प्रेक्षक, वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, लेखा टीम, मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति, उड़न दस्ता टीम, स्थायी निगरानी टीम का गठन किया गया। साथ ही व्यय अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष और काल सेंटर भी बनाया गया है। मुख्य कोषाधिकारी अर्चना त्रिपाठी को प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय, लेखाकार राजपाल सिंहएवं वीरेंद्र कुमार दुबे को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। सहायक व्यय प्रेक्षक लेखाधिकारी सच्चिदानंद त्रिपाठी और लेखा टीम प्रभारी का लेखाधिकारी की जिम्मेदारी बीएसए अमित कुमार को सौंपी गई है। इसी प्रकार वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, उड़नदस्ता टीम, स्थायी निगरानी टीम का नोडल अपर मुख्य अधिकारी उपेंद्र कुमार को सौंपा गया है। इनके सहायक नोडल अधिकारी एलडीएम अभिषेक कुमार, आयकर अधिकारी सर्चिल कुमार, कार्य अधिकारी एएमए अमित कुमार यादव, आबकारी निरीक्षक राहुल कुमार रावत और सहायक आयुक्त सचल दल राज्यकर जयप्रकाश को दी गई है। वीडियो अवलोकन टीम में अवर अभियंता साधना वर्मा व काशीनाथ यादव रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभावार उड़नदस्ता टीम का गठन किया है। यह टीम व्यय उल्लंघन व आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों की निगरानी का कार्य करेंगी। नगद, शराब या अन्य वस्तु वितरण की शिकायत पर टीम मौके पर जाकर कार्रवाई करेगी। प्रत्येक पुलिस स्टेशन के अधीन एक या दो निगरानी टीमें होंगी। चेक पोस्ट की निगरानी के लिए प्रत्येक टीम में एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट और पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। टीम चेक पोस्ट बनाकर क्षेत्र में आने वाली नकदी, अवैध शराब, संदेहास्पद वस्तु या शस्त्रों आदि पर निगरानी रखेंगे। सभी प्रक्रिया वीडियोग्राफी की निगरानी में कराई जाएगी। उड़नदस्ता टीम तीन चक्रों में काम करेगा।

मथुरा की लठ्ठमार होली में बड़ी घटना को अंजाम देने से पूर्व 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

मथुरा (हिंस)। बरसाना की लठमार होली पर बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में 50 हजार के इनामी को पुलिस ने सोमवार की सुबह मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। गोली से घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश अलीजान मेव उर्फ लीलो मूलरूप से राजस्थान के डींग जिले का है। न्यू कामर मार्ग स्थित बम्बा की पुलिया के निकट थाना कोसीकलां पुलिस और एसओजी के एक संयुक्त ऑपरेशन में बिछाए गए जाल में वह फंस गया। अलीजान की उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के राज्यों में लूट और डकैती की वारदातों को अंजाम दे चुका है। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित है। श्री पांडेय ने बताया कि इन दिनों होली के त्योहार की धूम मची हुई है। बरसाना की लठ्ठमार होली में शामिल होने के लिए लाखों हुरियारे देश-विदेश से आ रहे हैं। उनसे लूटपाट की फिराक में इनामी बदमाश यहां पर आया था। रात में उसकी लोकेशन मिलने पर एसओजी के साथ थाना कोसीकलां पुलिस ने उसे मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। अलीजान के दोनों पैरों में गोली लगी है। घायल को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस को तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक तमंचा मय तीन जिंदा कारतूस 315 बोर, चोरी की मोटरसाइकिल बिना नंबर की बरामद हुई है। अभियुक्त के खिलाफ हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के थानों में 13 मुकदमे पंजीकृत हैं। जनपद मथुरा से 08 मुकदमा में 2019 से फरार चल रहा था।

भारतीय थल सेना में आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 मार्च

बीकानेर (हिंस)। भारतीय थल सेना में 2024-25 वर्ष में शामिल होने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 22 मार्च है। अधिक जानकारी के लिए भारतीय सेना के आधिकारिक वबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। अंतिम तिथि के बाद नए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। जिन अभ्यर्थियों ने इस वर्ष 10वीं व 12वीं के बोर्ड परीक्षा दी हैं और जिनका परिणाम नहीं आया है। ऐसे अभ्यार्थी भी भर्ती के लिए दिए गए पदों पर आवेदन कर सकते हैं।

सपा नेता आजम खान को सात साल की सजा

रामपुर (हिंस)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी कड़ी में सोमवार को स्थानीय अदालत ने डूंगरपुर केस में सात साल की कैद और पांच लाख रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आजम के अलावा तीन दोषियों रामपुर के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजहर अहमद खान, पूर्व क्षेत्राधिकारी आले हसन और बरकत अली को भी सजा और जुर्माना लगाया है। 16 मार्च को कोर्ट ने चारों को दोषी करार देते हुए फैसला सुरक्षित कर लिया था। सोमवार को सीतापुर जेल से पूर्व मंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए न्यायालय में पेश हुए थे। उल्लेखनीय है कि पूर्व की सपा सरकार में डूंगरपुर में आसरा आवास बनाए गए थे। इस स्थान पर पहले भी कुछ मकान बने थे। वर्ष 2016 में सरकारी जमीन बताते हुए मकानों को धवस्त कर दिया था। भाजपा की सरकार में



साल 2019 में यहीं के रहने वाले एहतशाम खान ने कोतवाली में आजम खान समेत कई लोगों के खिलाफ गंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया था।

एक बच्चे की मां ने प्रेमी संग रचाई शादी, पति ने भी दिया आर्शीवाद

भागलपुर (हिंस)। जिले के घोंघा थाना क्षेत्र के पक्कीसराय में लव ट्राएंगल का मामला सामने आया है। पक्कीसराय स्थित मायके में रह रही एक बच्ची की मां को अपने ही गांव के एक युवक से मोहब्बत हो गई। धीरे-धीरे ये प्यार परवान चढ़ता गया। नतीजा ये हुआ कि दोनों छिप-छिपकर मिलने लगे। प्यार जब परवान चढ़ा तो दोनों ने शादी करने का फैसला ले लिया। फिर व विवाहिता एक बच्चे की मां ने परदेश में रह रहे अपने पति को फोन कर हकीकत से बतायी। इसके बाद पति ने भी बड़ा दिल दिखाते हुए फोन पर ही उसे सुखमय जीवन का आशीर्वाद दे दिया। इसके बाद प्रेमी श्यामलाल ने गांव वालों को शिव मंदिर पहुंचने का आग्रह किया। फिर दोनों देर रात पक्कीसराय मुखिया अंजो देवी के आवास पर पहुंचे और शादी का गवाह बनने और आशीर्वाद देने का आग्रह किया। इसके बाद पति से फोन पर शादी की इजाजत ली। पति ने भी फोन पर सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया। इसके बाद शाहपुर शिव मंदिर परिसर में शादी में शामिल होने बारातियों की भीड़ जुट गई। पंडित ने प्रेमी युगल की शादी कराई। इस मौके पर नयी नवेली दुल्हन नीतू ने बताया कि उसने अपनी मर्जी से शादी की है। उसपर किसी का कोई दबाव नहीं है। वहीं, प्रेमी का कहना है कि जीएंगे तो नीतू के साथ और मरेंगे तो भी इसी के साथ।

लेफ्टिनेंट जनरल सुचिन्द्र ने लद्दाख के ऊंचाई वाले अग्रिम इलाकों का किया दौरा

लद्दाख (हिंस)। उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार ने सोमवार को लद्दाख के अत्यधिक ऊंचाई वाले अग्रिम इलाकों का दौरा किया और लद्दाख सेक्टर में परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। इस मौके पर उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल कुमार ने कहा कि उत्तरी सेना कमांडर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में परिचालन प्रभावशीलता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए भारतीय सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के प्रयासों की सराहना की। एक्स पर पोस्ट कर कहा गया कि उत्तरी कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने परिचालन तैयारियों और सीमा बुनियादी ढांचे के विकास की समीक्षा के लिए लद्दाख के अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनात संरचनाओं का दौरा किया। लेफ्टिनेंट जनरल कुमार इस साल फरवरी से भारतीय सेना के उधमपुर स्थित उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यभार कर रहे हैं।

नरेंद्र मोदी की आलोचना से इंडी गठबंधन का कतई भला नहीं होगा : केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ (हिंस)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते समय अपशब्दों के बौछार से इंडी गठबंधन का कतई भला नहीं होगा। कांग्रेस के नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करने पर केशव प्रसाद मौर्य ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उप मुख्यमंत्री ने अपने निजी एकाउंट एक्स पर पोस्ट किया कि देश की प्रतिष्ठित जांच एजेन्सियों पर घृणित,घटिया आरोप लगाने से,तथाकथित मोहब्बत की दुकान नफरत का सामान बेचने से इंडी गठबंधन का क़तई भला नहीं होगा। मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखने वालों फिर एकबार मोदी सरकार, राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लब्बोलुआब ढाक के तीन पात। केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा कि अबकी बार 400 पार। फिर एकबार मोदी सरकार। अबकी बार, 400 पार। उन्होंने एक-एक करके लिखा कि विकसित भारत के लिए... 400 पार!

बिहार आंदोलन की 50वीं वर्षगांठ पर सर्वोदय समाज का सम्मेलन संपन्न

सहरसा (हिंस)। बिहार सर्वोदय मंडल, लोक समिति, दलित अधिकार मंच के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय सर्वोदय समाज सम्मेलन अंबेडकर पुस्तकालय में सोमवार को संपन्न हुआ। सम्मेलन में बिहार, झारखंड, गुजरात आदि से करीब 150 लोक सेवक, सर्वोदय, समाजवादी, अंबेडकर वादी साथी उपस्थित होकर अपना विचार व्यक्त कर कई प्रस्ताव सम्मेलन का उद्घाटन सर्व सेवा संघ के पूर्व अध्यक्ष, महादेव विद्रोही,महामंत्री डॉ. आनंद किशोर, पूर्व मंत्री विजय कुमार ने गांधी जी और अंबेडकर जी के मूर्ति पर दीप प्रज्जवलन कर

किया। बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण ने मौके पर कहा गांधी केवल भारत के लिए ही नहीं बल्कि सारी दुनिया के लिए आज भी प्रासंगिक है। दुनिया के अधिकांश देश गांधी की ओर लौट रहे है और उन्हें अपना आदर्श मानते है। इसलिए दुनिया के 188 देशों में गांधी की प्रतिमा है और उनके जन्मदिवस को अहिंसा दिवस के रूप में मनाते है। सर्व सेवा संघ के महामंत्री डॉ. आनंद किशोर ने कहा कि आज संसदीय लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह लोकतंत्र की रक्षा करे। बिहार सर्वोदय मंडल के महामंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा अगर हम गांधी की ओर नही लौटे तो हिंसा और युद्ध की चपेट में पूरी दुनिया आ सकता है। सर्व सेवा संघ के अध्यक्ष ने कहा कि दुनिया को घातक युद्ध, परमाणु युद्ध से बचना है तो गांधी की ओर आना होगा।

भारत से अमेरिका को स्मार्टफोन का निर्यात 254 प्रतिशत बढ़ा, अप्रैल-दिसंबर, 2023 में 3.53 अरब डॉलर का व्यापार

नई दिल्ली । भारत से अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने यानी अप्रैल-दिसंबर अवधि में 253.70 फीसदी बढ़कर 3.53 अरब डॉलर पहुंच गया। भारत इसके साथ ही चीन और वियतनाम के बाद अमेरिका का तीसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन निर्यातक बन गया है। हालांकि, इस दौरान चीन और वियतनाम से निर्यात में गिरावट आई है। भारत 2022-23 की समान अवधि में भारत ने अमेरिका को सिर्फ 99.8 करोड़ डॉलर के स्मार्टफोन बेचे थे।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2023-24 की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान स्मार्टफोन निर्यात में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 7.76 फीसदी पर पहुंच गई। 2022-23 की समान अवधि में यह दो फीसदी थी। आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान चीन का अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात 38.26 अरब डॉलर से घटकर 35.1 अरब डॉलर रह गया। वियतनाम से निर्यात भी 9.36 अरब डॉलर से गिरकर 5.47 अरब डॉलर रह गया।

विनिर्माण और पीएलआई ने बढ़ाई रफ्तार - एक अधिकारी ने बताया कि भारत स्मार्टफोन के लिए एक प्रमुख उत्पादन केंद्र के रूप में उभर रहा है। स्मार्टफोन विनिर्माण में वृद्धि से निर्यात में इजाफा हुआ है। इसके अलावा, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की घोषणा और अमेरिकी कंपनी एपल के भारत में आईफोन विनिर्माण शुरू करने से भी निर्यात बढ़ाने में मदद मिली है।

शीर्ष-5 आपूर्तिकर्ताओं के निर्यात में गिरावट - चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में शीर्ष-5 आपूर्तिकर्ताओं से अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात घटकर 45.1 अरब डॉलर रह गया। 2022-23 की समान अवधि में इन देशों ने अमेरिका को 49.1 अरब डॉलर का स्मार्टफोन निर्यात किया था। शीर्ष-5 आपूर्तिकर्ताओं में भारत, चीन, वियतनाम, दक्षिण कोरिया और हांगकांग शामिल हैं। दक्षिण कोरिया से अमेरिका को निर्यात 85.8 करोड़ डॉलर से घटकर 43.2 करोड़ डॉलर रह गया।

न्यूज ब्रीफ

स्मार्टफोन वीवो टी3 भारत में होगा जल्द लॉन्च, मिल सकती है 44वॉट की फ्लैश चार्जिंग

नई दिल्ली । भारत में जल्द मिड-रेंज 5जी स्मार्टफोन वीवो टी3 लॉन्च किया जाएगा। आने वाला ये फोन कंपनी के वीवो टी2 5जी के सक्सेसर के रूप में आएगा, और उम्मीद की जा रही है कि इसे 20,000 रुपये से कम दाम में पेश किया जाएगा। फ्लिपकार्ट पर इस फोन का टीज़र जारी कर दिया गया है, और इसकी लैंडिंग पेज पर लिखा है, 'कमिंग सुन '। बैनर के साथ-साथ फोन की झलक को भी देखा जा सकता है। ऐसा कहा जा रहा है कि वीवो टी3 5जी फ्लैट एज डिज़ाइन के साथ आता है और इसके क्रिस्टल फ्लैक और कॉस्मिक ब्लू कलर वेरिएंट में आने की बात कही गई है। वीवो टी3 5जी के फीचर्स को लेकर कंपनी ने तो कोई ऑफियल जानकारी नहीं दी है, लेकिन ऐसी उम्मीद है कि फोन 6.67-इंच के अमोलेड डिस्प्ले के साथ आएगा और इसमें 120एचझेड रिफ्रेश रेट मिलेगा। फोन फुल-एचडी+ रेज़ोलूशन और 1800 निट्स की पीक ब्राइटनेस को सपोर्ट कर सकता है। पावर के लिए वीवो के आने वाले फोन में 5000 एमएएच की बैटरी दी जा सकती है और इसमें 44 वॉट फ्लैश चार्ज होने की उम्मीद है। स्मार्टफोन डुअल स्पीकर सेटअप और स्पलैश और धूल से बचाव के लिए फोन में आईपी 54 रेटिंग मिल सकती है।फोन को पावर देने वाला ऑक्टा-कोर मीडियाटेक डाइमेंशन 7200 प्रोसेसर 8जीबी रैम के साथ होने की उम्मीद है।कैमरे के तौर पर वीवो टी3 5जी में ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइज़ेशन (ओआईएस) के साथ 50 मेगापिक्सल का प्राइमेरी कैमरा और 2 मेगापिक्सल का दूसरा कैमरा हो सकता है, जबकि सेल्फी के लिए फोन में 16 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा होने की उम्मीद की जा रही है।

बीमा उत्पादों की गलत बिक्री रोकें बैंक, ग्राहकों को दें महत्व

नई दिल्ली। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से बीमा उत्पादों की गलत बिक्री रोकने के लिए कहा है। साथ ही खाताधारकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा है। वित्तीय सेवाओं के सचिव विवेक जोशी का कहना है कि वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बैंक और जीवन बीमा कंपनियां ग्राहकों से पॉलिसी खरीदने के लिए धोखाधड़ी वाले और अनैतिक तरीके अपना रही हैं। जोशी ने कहा कि इन मामलों को देखते हुए बैंकों को संवेदनशील बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बैंकों से खाताधारकों के हितों को सबसे अधिक महत्व देने को कहा गया है। कई मामले ऐसे भी सामने आए हैं जिनमें दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में 75 वर्ष से अधिक आयु के ग्राहकों को जीवन बीमा पॉलिसी बेची गई हैं। सामान्यतया बैंक अपनी सहायक बीमा कंपनियों के उत्पाद बेचने की कोशिश करते हैं। अगर ग्राहक इसका विरोध करते हैं, तो शाखा अधिकारी ऊपर से दबाव की बात कहते हैं। जब ग्राहक किसी प्रकार का कर्ज लेने या सावधि जमा में निवेश करने जाते हैं, तो उन्हें बीमा उत्पाद बेचने की कोशिश की जाती है। जोशी ने बताया कि बैंकों को अपने गोल्ड लोन पोर्टफोलियो की समीक्षा करने के लिए कहा गया है। सरकारी की ओर से जारी नियमों का पालन नहीं करने पर यह निर्देश दिया गया है।

एक साल में भारतीय रेलवे की आय 17,000 करोड़ बढ़ी

नई दिल्ली । भारतीय रेलवे बीते कुछ सालों से जमकर कमाई कर रही है। इस वित्त वर्ष 2023-24 की बात करें तो रेलवे ने माल ढुलाई, कुल राजस्व, ट्रैक बिछाने के मामले में रिकॉर्ड बनाने की राह पर है। आंकड़ों पर नजर डालें तो वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, भारतीय रेलवे का कुल राजस्व अब तक 2.40 लाख करोड़ रुपये है। कमाई की ये आंकड़ा पिछले साल 15 मार्च को 2.23 लाख करोड़ रुपये था। यानी की एक साल में भारतीय रेलवे ने कुल राजस्व में करीब 17,000 करोड़ की वृद्धि दर्ज की है। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय रेल का कुल व्यय 2.26 लाख करोड़ रुपये है। रेलवे से मिले प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार भारतीय रेल ने 1,500 मिलियन टन की मूल माल ढुलाई की है। बीते साल ये आंकड़ा 1,512 मिलियन टन था। आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान रेलवे से सफर करने वाले यात्रियों की संख्या 648 करोड़ है। जो कि पिछले साल से 52 करोड़ अधिक है। पिछले वर्ष यात्रा करने वाले यात्रियों की कुल संख्या 596 करोड़ थी। वित्तीय वर्ष में अब तक भारतीय रेल द्वारा 5,100 किलोमीटर नई रेलवे ट्रैक बिछाई गई है।

प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण : नवाचार के साथ अग्रणी उपभोक्ता अनुभव के प्रति रियलमी का समर्पण

नई दिल्ली। आज के तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य में प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण एक परिवर्तनकारी आंदोलन के रूप में उभरा है। यह अवधारणा केवल अभूतपूर्व नवाचारों के निर्माण के बारे में ही नहीं है, यह यह सुनिश्चित करने के बारे में भी है कि सामाजिक-आर्थिक या भौगोलिक बाधाओं के बावजूद ये प्रगति सभी के लिए सुलभ हो।

यह समावेशी दृष्टिकोण एक न्यायसंगत डिजिटल भविष्य को आकार देने में सहायक है, जहां प्रौद्योगिकी के लाभ सभी के लिए सुलभ होते हैं।

रियलमी इस आंदोलन की अगुआ है। यह एक वैश्विक तकनीकी ब्रांड है, जो अपने यूजर केंद्रित दर्शन के साथ खड़ा है। कंपनी अपने यूजर्स की आवश्यकताओं को समझने और उनके रोजमर्रा के जीवन को बेहतर बनाने वाली अत्याधुनिक तकनीक प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता पर दृढ़ है। टेक्नोलॉजी को लोकतांत्रिक बनाने के लिए रियलमी के प्रयास लगातार और उल्लेखनीय रहे हैं, जो व्यापक स्तर पर दर्शकों की पहुंच के भीतर उन्नत तकनीक लाने के उसके मिशन को दर्शाता है।

इस प्रतिबद्धता का प्रतीक रियलमी की नवीनतम पेशकश नार्जो 70 प्रो 5जी है। एयर जेस्चर, रेनवॉटर टच और 3डी वीसी कूलिंग सिस्टम जैसे इनोवेटिव फीचर्स से लैस यह स्मार्टफोन हाई-एंड टेक्नोलॉजी को सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए रियलमी के समर्पण का प्रतीक है।

एयर जेस्चर भौतिक संपर्क के बिना नियंत्रण की अनुमति देकर उपयोगकर्ता के संपर्क में क्रांतिकारी बदलाव लाता है, जबकि रेनवाटर टच स्क्रीन गीली होने पर भी निर्बाध कार्यक्षमता सुनिश्चित करता है। 3डी वीसी कूलिंग सिस्टम उपयोग के दौरान डिवाइस के जरूरी तापमान को बनाए रखकर इसके प्रदर्शन को बेहतर बनाए रखता है। ये सुविधाएं मात्र ऐड-ऑन नहीं हैं, बल्कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और व्यावहारिक उपयोगिता के बीच अंतर को पाटने की रियलमी की रणनीति के अभिन्न अंग हैं।

हालांकि, रियलमी का दृष्टिकोण अपने उपकरणों में उन्नत सुविधाओं को शामिल करने से परे है। ब्रांड का लक्ष्य दुनिया भर के युवा यजर्स को अपेक्षाओं से



अधिक तकनीकी अनुभवों का आनंद प्रदान करना है। प्रदर्शन, फोटोग्राफी और डिज़ाइन पर ध्यान केंद्रित करके, रियलमी युवा पीढ़ी के लिए उन्नत तकनीक लाने का प्रयास करता है, ताकि उन्हें इन नवाचारों तक अधिक तेज़ी से पहुंचने और उनका आनंद लेने में सक्षम बनाया जा सके।

भविष्य को देखते हुए, रियलमी प्रौद्योगिकी को लोकतांत्रिक बनाने के अपने मिशन को और आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। ब्रांड संयुक्त रूप से नवोन्वेषी उत्कृष्ट प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए 33 से अधिक शीर्ष अंतरराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी भागीदारों के साथ सहयोग करने की योजना बना रहा है। अनुसंधान और विकास खर्च में 470 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि और अपने वैज्ञानिक अनुसंधान कर्मियों के 400 प्रतिशत के अनुमानित विस्तार के साथ, रियलमी अपने दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदलने के लिए तैयार है।

ब्रांड रियलमी अपनी निर्यात योजनाओं को मजबूत करने, दुनिया भर के कई बाजारों में अपनी विविध उत्पाद श्रृंखला के निर्बाध वितरण की सुविधा प्रदान करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। कंपनी का यह दृष्टिकोण न केवल वैश्विक स्तर पर ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने, बल्कि उनसे आगे निकलने के लिए रियलमी के समर्पण को दर्शाता है।

प्रौद्योगिकी को लोकतांत्रिक बनाने के लिए रियलमी की प्रतिबद्धता कॉर्पोरेट बयानबाजी से परे है। यह कंपनी के कार्यों, उत्पादों और रणनीतिक रोडमैप में परिलक्षित होता है। नार्जो 70 प्रो इस प्रतिबद्धता का उदाहरण है। यह दर्शाता है कि कैसे उन्नत तकनीक को रोजमर्रा की जिंदगी में सहजता से एकीकृत किया जा सकता है।

जैसे-जैसे हम भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं, रियलमी जैसी कंपनियां एक समावेशी तकनीकी परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, जहां नवाचार एक विशेषाधिकार नहीं, बल्कि एक सार्वभौमिक अधिकार है। अपनी अटूट प्रतिबद्धता के माध्यम से, रियलमी वास्तव में प्रौद्योगिकी को और अधिक लोकतांत्रिक बना रहा है, एक समय में एक स्मार्टफोन।

अगले वित्त वर्ष में 1.2 लाख करोड़ का निवेश करेगा अदाणी समूह

नई दिल्ली।

अदाणी समूह अगले वित्त वर्ष यानी 2024-25 के दौरान 1.2 लाख करोड़ रुपये (करीब 14 अरब डॉलर) का निवेश करने की योजना बना रहा है। यह निवेश पोर्ट से लेकर ऊर्जा, एयरपोर्ट, सीमेंट और मीडिया कारोबार में किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि समूह ने कारोबार बढ़ाने के लिए अगले सात से दस वर्षों में अपनी 100 अरब डॉलर की निवेश योजना को दोगुना कर दिया है।

अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के लिए प्रस्तावित पूंजीगत खर्च चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में किए जाने वाले अनुमानित खर्च से 40 प्रतिशत ज्यादा है। विश्लेषकों का अनुमान है कि समूह 31 मार्च को समाप्त हो रहे चालू वित्त वर्ष में 10 अरब डॉलर का निवेश कर सकता है। कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान समूह की आय 9.5 अरब डालर रही है। इसमें वार्षिक आधार पर 34.4 प्रतिशत की वृद्धि रही है। मार्च 2023 से सितंबर 2023 के दौरान समूह का कर्ज भी चार प्रतिशत घटा है।

स्कूल ड्रॉपआउट से एशिया के सबसे अमीर तक सफर

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी स्कूल ड्रॉपआउट हैं। उन्होंने कमोडिटी व्यापारी के रूप में अपना कारोबार सफर शुरू किया और उसे बंदरगाहों, बिजली उत्पादन, एयरपोर्ट, खनन, नवीकरणीय ऊर्जा, गैस, डेटा सेंटर, मीडिया और सीमेंट तक फैलाया। वह एशिया के सबसे रईस शख्स भी बन गए। आज अदाणी ग्रुप दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सौर ऊर्जा कंपनी है। यह देश में 25 प्रतिशत पैसेंजर ट्रैफिक और 40 प्रतिशत एयर कार्गो के साथ सबसे बड़ा एयरपोर्ट ऑपरेटर है। 30 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ सबसे बड़ी पोर्ट और लॉजिस्टिक्स कंपनी है।

नारायणमूर्ति ने चार महीने के पोते को गिफ्ट किए 240 करोड़ के शेयर, अब कंपनी में बची इतनी हिस्सेदारी

नई दिल्ली।

इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति ने अपने चार महीने के पोते एकाग्र रोहन मूर्ति को 240 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर उपहार में दिए हैं। एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, भारत की दूसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी में एकाग्र रोहन मूर्ति की 15,00,000 शेयर या 0.04 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

पोते को शेयर दान में देने के बाद इन्फोसिस में नारायणमूर्ति की हिस्सेदारी 0.40 प्रतिशत से घटकर 0.36 प्रतिशत रह गई। उनके पास अब कंपनी के करीब 1.51 करोड़ शेयर हैं। फाइलिंग के अनुसार, यह लेनदेन ऑफ-मार्केट तरीके से किया गया। नारायण मूर्ति और सुधा मूर्ति नवंबर में दादा-दादी बने जब उनके बेटे रोहन मूर्ति और पत्नी अपर्णा कृष्णन को एक बेटा हुआ। नारायण मूर्ति और

सुधा मूर्ति ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक और अक्षता मूर्ति की दो बेटियों के नाना-नानी भी हैं।

नारायण मूर्ति का इंफोसिस में सफर

नारायण मूर्ति ने साल 1981 में इंफोसिस की स्थापना की थी। कंपनी को मार्च 1999 में नैस्डैक में सूचीबद्ध किया गया था और उस समय जारी एक बयान में, नारायण मूर्ति ने कहा था कि नैस्डैक लिस्टिंग से कंपनी को बाजार में उपलब्ध सर्वोत्तम उपलब्ध प्रतिभा को अपने साथ जोड़ने में मदद मिलेगी।

सोना-चांदी के कारोबार की सुस्त शुरुआत, सोना 65,250 और चांदी 75,250 रुपए के करीब

नई दिल्ली । इस सप्ताह सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत सुस्त रही। दोनों के वायदा भाव गिरावट साथ खुले। सोना 65,250 हजार रुपये और चांदी 75,250 रुपये के करीब कारोबार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई, जबकि चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। लेकिन बाद में सुस्त पड़ गए। सोने के वायदा भाव में सुस्ती देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 94 रुपये की गिरावट के साथ 65,348 रुपये के भाव पर खुला और 283 रुपये की गिरावट के साथ 65,259 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 65,395 रुपये के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 65,250 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस महीने 66,356 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।चांदी के वायदा भाव की शुरूआत गिरावट के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 150 रुपये की गिरावट के साथ 75,400 रुपये के भाव पर खुला जो 387 रुपये की गिरावट के साथ 75,263 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट और चांदी

वायदा भाव की तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,159.89 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,161.50 डॉलर था। फिलहाल यह 7.60 डॉलर की गिरावट के साथ 2,153.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 25.40 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 25.38 डॉलर था। फिलहाल यह 0.12 डॉलर की गिरावट के साथ 25.25 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

मिड और स्मॉलकैप में एसआईपी बेहतर तरीका, सस्ते भाव में मिल सकते हैं म्यूचुअल फंड यूनिट

नई दिल्ली । विश्लेषकों का कहना है कि मिड और स्मॉलकैप शेयरों का मूल्यांकन अभी बहुत ज्यादा है। पिछले कुछ वर्षों में इन दोनों में जमकर निवेश आया है। हालांकि, इन्होंने रिटर्न भी बहुत ज्यादा दिया है। ऐसे में पिछले रिटर्न को देखकर अगर कोई निवेश करता है तो यह जोखिम हो सकता है। निवेशकों को जोखिम से बचाने के लिए ही सेबी ने हाल में फैसला लिया है। जानकारों का कहना है कि अगर मिड और स्मॉलकैप में निवेश करना है तो आप एकमुश्त निवेश बिलकुल मत करिये। लंबे समय के लिए आप एसआईपी कर सकते हैं। इस समय मूल्यांकन गिरा है, ऐसे में सस्ते भाव में आपको म्यूचुअल फंड यूनिट मिल जाएंगे। ध्यान रखें, निवेश कम से कम पांच साल के लिए हो।

नियामक सेबी ने इसलिए उठाया कदम

सेबी दरअसल निवेशकों की सुरक्षा करना चाहता है। इसलिए उसने 27

फरवरी को फंड हाउसों को पत्र लिखा। इसमें मिड कैप और स्मॉल कैप पर चिंता जताया। इसने कहा, निवेशकों के हितों की सुरक्षा के लिए फंड हाउस नीति तैयार करें। फंड हाउसों को भी यह बात पता थी कि मूल्यांकन ज्यादा है। सेबी ने स्ट्रेस टेस्ट का परिणाम 15 मार्च तक वेबसाइट पर डालने को कहा। हालांकि, पहले भी फंड हाउस अपने स्तर पर यह काम करते थे, पर यह कभी सार्वजनिक नहीं हुआ। इस बार फंड हाउसों को जब इसे सार्वजनिक करना पड़ा तो बाजार में हाहाकार मच गया।

स्ट्रेस टेस्ट क्या है और कैसे काम करता है

स्ट्रेस टेस्ट का मतलब है कि अगर कभी अचानक मिड और स्मॉलकैप में भारी निकासी आ जाए तो उससे कैसे निपटा जा सकता है। ज्यादा निकासी पर कितने दिन में इसे पूरा किया जा सकता है। स्टॉक में तरलता कितने दिनों की है। दरअसल, जो भारी निवेश इन दोनों सेगमेंट में आया है और रिटर्न चौंकाने वाला है, उसे देखकर नए निवेशक आ रहे हैं। जबकि इन दोनों सेगमेंट में बहुत ज्यादा तरलता नहीं होती है। ऐसे में फंड हाउस निवेशकों की ओर से आ रहे पैसों को कहां लगाएंगे, यह भी सुनिश्चित करना होगा।

फरवरी में फंड हाउसों ने बेचे स्मॉलकैप

ज्यादातर फंड हाउसों ने फरवरी में स्मॉलकैप शेयर बेचे हैं। कुछ ने मिडकैप में खरीदी की है। फंड हाउसों ने हाल में ज्यादातर निवेश इन्हीं दोनों सेगमेंट में किया है।

भारत के लिए फायदे का सौदा साबित हो रही वैश्विक खिलौना कंपनियां

नई दिल्ली । खिलौना विनिर्माण क्षेत्र में चीन के लिए जो बात नुकसान वाली हो सकती है, वह भारत के लिए फायदे का सौदा साबित हो रही है। भारत के खिलौना उद्योग ने वित्त वर्ष 15 और वित्त वर्ष 23 के बीच तेजी से प्रगति की है और निर्यात में 239 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई तथा आयात में 52 प्रतिशत तक की गिरावट आई। इसके परिणामस्वरूप देश शुद्ध निर्यातक बन गया। भारत में खिलौनों की बिक्री के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की मंजूरी जरूरी होना, संरक्षणवाद, चीन-प्लस-वन रणनीति और मूल सीमा शुल्क बढ़ाकर 70 प्रतिशत किए जाने से भारत के खिलौना उद्योग में तेजी आई है। उद्योग के भागीदारों के अनुसार हालांकि हैस्ब्रो, मैटल, स्पिन मास्टर और अर्ली लर्निंग सेंटर जैसे वैश्विक ब्रांड आपूर्ति के लिए देश पर अधिक निर्भर हैं, लेकिन इटली की दिग्गज कंपनी ड्रीम प्लास्ट, माइक्रोप्लास्ट और इंकास जैसी प्रमुख विनिर्माता अपना ध्यान धीरे-धीरे चीन से भारत पर केंद्रित कर रहीं हैं। बीआईएस के नियमन से पहले खिलौनों के लिए भारत की चीन पर 80 प्रतिशत निर्भरता थी, जो अब कम हो गई है। आज कई कंपनियों ने भारत में अपना आधार तैयार किया है। कंपनी हैसब्रो, स्पिन मास्टर, अर्ली लर्निंग सेंटर, फ्लेयर और ड्रूमोंड पार्क गेम्स जैसी अंतरराष्ट्रीय खिलौना कंपनियों को भी आपूर्ति करती है। कंपनी द्वारा उत्पादित करीब 60 प्रतिशत उत्पाद अब निर्यात बाजारों की जरूरतें पूरी कर रहे हैं, जिनमें अमेरिका में जीसीसी, यूरोप के 33 देश शामिल हैं।

शादाब खान ने शाहीन अफरीदी का किया बचाव, कहा – एक हार के बाद हटाना ठीक नहीं

नई दिल्ली।
पाकिस्तान के स्टार ऑलराउंडर शादाब खान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज गंवाने के बाद शाहीन अफरीदी को टी-20 कप्तानी से बर्खास्त किए जाने की खबरों पर निराशा जताई है।

पाकिस्तान क्रिकेट टीम में काफी समय से भूचाल मचा हुआ है। चाहे बोर्ड हो या टीम, हर जगह बदलाव का दौर जारी है।

बाबर आजम के बाद पाकिस्तान की टी20 टीम की कमान शाहीन अफरीदी को मिली। इस तेज गेंदबाज की अगुवाई वाली पाकिस्तान की टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में 4-1 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद शाहीन सवालों के घेरे में आ गए।

न्यूजीलैंड के हाथों पाकिस्तान की शर्मनार टी20 सीरीज हार के बाद, कप्तानी में संभावित बदलाव की खबरें आनी शुरू हो गई, जिससे शाहीन की नेतृत्व भूमिका पर खतरा मंडरा रहा है।

हालांकि, इन अटकलों के बीच ऑलराउंडर शादाब खान ने शाहीन का समर्थन किया है।

पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) सेमीफाइनल में इस्लामाबाद यूनाइटेड की जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में शादाब खान ने कप्तानी में अचानक बदलाव की बातों का विरोध किया।

शादाब ने टीम के दृष्टिकोण में स्थिरता और निरंतरता की आवश्यकता का हवाला देते हुए, शाहीन को थोड़ा और समय देने की बात कही।

शादाब ने कहा, हमने शाहीन को एक श्रृंखला दी है, और हम उसकी कप्तानी बदलने पर विचार कर रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए, क्योंकि लंबी अवधि में किसी को उसकी प्रक्रिया के अनुसार सही ढंग से कप्तानी करने का मौका दिया जाना चाहिए।

जब भी आप किसी को लाते हैं, चीजें तुरंत नहीं बदल सकतीं। इसमें समय लगता है। हम चाहते हैं कि कई चीजें तुरंत बदल जाएं, लेकिन यह इस तरह काम नहीं करता है; यह एक प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में, शुरुआत में ज्यादातर असफलताएं होती हैं, और यह देखना महत्वपूर्ण है कि हम उन विफलताओं को कैसे स्वीकार करते हैं।

एक कप्तान की अपनी विचार प्रक्रिया होती है और अभी यह अस्पष्ट है क्योंकि सिर्फ एक श्रृंखला के बाद कप्तान को बदलने की चर्चा है। विश्व कप के साथ, मुझे लगता है कि हमें लंबे समय के लिए खिलाड़ियों की पहचान करने की जरूरत है ताकि हम अपनी टीम को मजबूत कर सकें।

शादाब की अगुवाई वाली इस्लामाबाद यूनाइटेड पीएसएल के फाइनल में रिजवान की मुल्तान सुल्तांस से भिड़ेगी।

न्यूज ब्रीफ

लगातार दूसरी बार चैंपियन बने अल्कराज

कैलिफोर्निया। इंडियन वेल्स ओपन फाइनल में कार्लोस अल्कराज ने डेनियल मेदवेदेव को 7-6(5), 6-1 से हराकर अपनी ट्रॉफी का बचाव किया, जबकि इगा स्वीयाटेक ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट गंवाए बिना मारिया सक्कारी को 6-4, 6-0 से हराकर अपने करियर का 20वां खिताब जीता। कार्लोस अल्कराज के लिए, अपने खिताब की रक्षा करने की यात्रा चुनौतियों से भरी थी। टखने की समस्या से जूझ रहे युवा स्पैनियार्ड को फाइनल में डेनियल मेदवेदेव के खिलाफ एक कठिन लड़ाई का सामना करना पड़ा। फाइनल मैच में एक मुश्किल शुरूआती सेट के बाद अल्कराज ने शानदार कमबैक किया। इस सेट में मेदवेदेव 6-5 से आगे थे। हालांकि, अल्कराज ने टाई-ब्रेक के जरिए वापसी करते हुए 7-5 से बढ़त हासिल की। दूसरे सेट में मैच की कहानी अलग दिखी और अल्कराज ने विश्व नंबर 4 को हराते हुए वर्ष का अपना पहला खिताब जीता। साथ ही ये उनका पिछली गर्मियों में विंबलडन के बाद पहला खिताबी जीत भी है। अल्कराज इंडियन वेल्स ताज का सफलतापूर्वक बचाव करने वाले केवल छठे खिलाड़ी हैं। साथ ही 2016 में नोवाक जोकोविच के बाद इंडियन वेल्स में लगातार दो बार जीतने वाले पहले खिलाड़ी हैं। अपनी शानदारक जीत पर अल्कराज ने हर चुनौतियों पर डटे रहने और इंडियन वेल्स के भव्य मंच पर इस क्षण का लाभ उठाने के लिए सबका आभार व्यक्त किया। उनकी जीत न केवल टेनिस जगत में एक उभरते सितारे के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत करती है, बल्कि दृढ़ता और आत्म-विश्वास की शक्ति के प्रमाण को भी दर्शाती है। अल्कराज ने कहा, मैं अभी बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं, यह टूर्नामेंट मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यहां खेलना मेरे लिए बहुत खास है लेकिन मुझे लगता है कि यह साल कुछ ज्यादा ही खास है क्योंकि टूर्नामेंट से पहले मैं सोच रहा था कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ खेल पाऊंगा या नहीं। मैं टखने की चोट के कारण अच्छा महसूस नहीं कर रहा था। इसलिए मेरे मन में बहुत संदेह था, लेकिन मैं उन समस्याओं से उबरने में सक्षम होने और अंत में बेहतर महसूस करने से वास्तव में खुश था। महिलाओं के फाइनल में, इगा स्वीयाटेक ने मारिया सक्कारी पर दो सीधे सेटों में शानदार जीत के साथ महिला सर्किट पर अपना दबदबा दिखाया। युवा खिलाड़ी स्वीयाटेक ने शुरुआत में ही 3-0 की बढ़त बना ली, लेकिन सक्कारी ने अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए वापसी की और अपने प्रतिद्वंद्वी के लिए खतरा पैदा करना शुरू कर दिया। इसके बाद ग्रीक खिलाड़ी ने स्वीयाटेक के साथ स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया और फिर मैच यहां से बढ़कर 4-4 की बराबरी पर गया। कुल मिलाकर दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी। लेकिन अंत में, पोलैंड के उभरते सितारे ने पहला सेट 6-4 से जीत लिया। स्वीयाटेक ने अपने 69 डब्ल्यूटीए 1000 मैचों में से हर एक में जीत हासिल की है। स्वीयाटेक ने अपनी शानदार फॉर्म का प्रदर्शन करते हुए दुनिया की 9वें रैंक की खिलाड़ी को हराया। स्वीयाटेक ने लगभग हर मुकाबले में अपनी सर्वोच्च गुणवत्ता दिखाई। फाइनल मुकाबले के अंतिम सेट में मारिया पूरी लाचार दिखीं। दूसरे सेट में मारिया सक्कारी को 6-0 से हार का सामना करना पड़ा, जिसका अंत पहले सेट के ठीक 20 मिनट बाद हुआ।

अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी जगह बनाना चाहता हूं : जुरेल

नई दिल्ली । इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान खींचने वाले युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल का कहना है कि वह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी जगह बनाने पर ध्यान दे रहे हैं।

पदार्पण के बाद से ही जिस प्रकार जुरेल ने खेला है उससे उनकी तुलना पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी से हो रही है। इसको लेकर इस युवा बल्लेबाज ने कहा कि धोनी से किसी की भी तुलना नहीं हो सकती। साथ ही कहा कि धोनी की कोई भी खिलाड़ी बराबरी नहीं कर सकता। धोनी केवल एक हैं और एक ही रहेंगे। जुरेल ने हाल में इंग्लैंड के खिलाफ संपन्न 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में अच्छी बल्लेबाजी की थी। इसके साथ ही उनकी विकेटकीपिंग भी अच्छी रहीं। बल्लेबाजी में भी जुरेल ने दबाव के अवसरों पर अपनी उपयोगित साबित क। वह डीआरएस लेने के मामले में भी कप्तान रोहित शर्मा को सलाह देते दिखे। इसी कारण पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने उनकी प्रशंसा करते हुए धोनी से तुलना कर दी थी। उन्होंने इसपर गावस्कर को धन्यवाद दिया और साथ ही कहा कि व्यक्तिगत तौर पर मेरा मानना है कि धोनी सर ने जो किया उसे कोई भी दोहरा नहीं सकता।

क्या 3 महीने चलेगा आईपीएल

2027 तक 10 टीमें खेलेंगी 94 मैच, सालाना 2 सीजन संभव ; फुटबॉल-बेसबॉल लीग 9-9 महीने चलती हैं

नई दिल्ली।
इंडियन प्रीमियर लीग का 17वां सीजन 4 दिन बाद 22 मार्च से शुरू होगा। टूर्नामेंट में 10 टीमों के बीच लीग स्टेज के 70 मैच होंगे। इनके अलावा 4 प्लेऑफ के मुकाबले होंगे। 2022 में हुई 48 हजार करोड़ की ब्रॉडकास्ट डील के बाद तय हो गया था कि 2027 में 10 टीमों के बीच कुल 94 मैच होंगे। आईपीएल में अगर 94 मैच हुए तो टूर्नामेंट 3 महीने तक चल सकता है। इससे बीसीसीआई को तो फायदा होगा, लेकिन इंटरनेशनल क्रिकेट को नुकसान हो सकता है। हालांकि ग्लोबल स्पोर्ट्स में यह पहला वाकया नहीं होगा जब फ्रेंचाइजी बेस्ड लीग का दबदबा बढ़ेगा। फुटबॉल और बास्केटबॉल में पहले ही लीग के मुकाबले इंटरनेशनल मैचों पर हावी हो गए हैं। क्या क्रिकेट भी इसी राह पर है ।

ब्रॉडकास्ट डील के बाद मैच बढ़ाने का प्लान बनाया

2022 में आईपीएल के 16वें सीजन से पहले बीसीसीआई ने टीवी और डिजिटल राइट्स के लिए रिकॉर्ड ब्रॉडकास्ट डील साइन की। 5 साल के मुकाबलों के लिए बोर्ड को 48,390 करोड़ रुपए मिले। इसके साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग दुनिया की दूसरी सबसे अमीर लीग बन गई। पहले नंबर पर अमेरिका की नेशनल फुटबॉल लीग है। ब्रॉडकास्ट डील के बाद ही बीसीसीआई ने तय किया कि 2023 और 2024 के सीजन में 74 आईपीएल मैच होंगे। 2025 और 2026 के सीजन में 84 मैच होंगे, 2027 के सीजन में 10 टीमों के बीच 94 मैच होने हैं। तब एक टीम लीग स्टेज में 18 मैच खेलेगी और 4 प्लेऑफ मिलाकर टोटल 94 मैच होंगे।

मैच बढ़े तो टूर्नामेंट ड्यूरेशन भी बढ़ेगी

अभी आईपीएल के 74 मैच 59 दिनों में होते हैं, यानी करीब 2 महीने तक मुकाबले चलते हैं। पिछले सीजन का उदाहरण लें तो 18 बार एक दिन में 2 मुकाबले (डबल हेडर) भी कराने पड़े। अगर एक सीजन में 94 मैच हुए तो करीब 75 दिन यानी ढाई महीने तक सीजन चल सकता है।

अगर समय के साथ डबल हेडर मैचों की संख्या नहीं बढ़ाई गई तो सभी मैच कराने में 80 से 85 दिन का समय भी लग सकता है। साल 2028 तक अगर टूर्नामेंट में एक या 2 टीम भी बढ़ी तो टूर्नामेंट पूरा होने में 90 दिन यानी 3 महीने लग जाएंगे।

आईपीएल के अलावा बाकी क्रिकेट लीग 27 से 45 दिन के अंदर ही खत्म हो जाती है। ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग ही आईपीएल के बाद सबसे ज्यादा 50 दिन तक चलती है।

पहला सीजन चला था 43 दिन

आईपीएल का पहला सीजन 2008 में शुरू हुआ। 8 टीमों का टूर्नामेंट 43 दिन चला, जिसमें एक टीम ने लीग स्टेज में कुल 14 मैच खेले। 2 सेमीफाइनल और फाइनल मिलाकर टूर्नामेंट में कुल 59 मैच हुए। 2023 में पिछले सीजन कुल 74 मैच हुए। 10 टीमों के बीच टूर्नामेंट 59 दिन तक चला। इसमें लीग स्टेज के 70 और प्लेऑफ के 4 मुकाबले खेले गए।

अभी टीमें बढ़ाने का प्लान नहीं, आगे का कह नहीं सकते

ब्रॉडकास्टर डील के बाद आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा था, टूर्नामेंट में 2027 तक 10 टीमें ही रहेंगी। अगर टीमें बढ़ाई गईं तो एक सीजन में सभी मैच कराना पॉसिबल नहीं हो पाएगा। साल 2027 तक 94 मैच होने हैं, ऐसे में टूर्नामेंट बहुत लंबा हो जाएगा। हालांकि आगे क्या होगा अभी नहीं कहा जा सकता है।

विश्व कप और ओलंपिक चयन ट्रॉयल में शीर्ष पर रहीं तीरंदाज दीपिका, पिछले साल पूरे सत्र में नहीं खेली थीं

सोनीपत।
दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी ने यहां आगामी विश्वकप और पेरिस ओलंपिक के लिए हुए चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने फरवरी में बगदाद एशिया कप में दो स्वर्ण पदक जीतकर वापसी की। वह दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल पूरे सत्र में खेल से बाहर रही थीं।

दीपिका ने भजन कौर अंकिता भक्त और कोमालिका बारी के साथ चार सदस्यीय टीम में जगह बनाई। विश्व यूथ की पूर्व चैंपियन बारी सिमरनजीत की जगह शामिल हुईं। भारत को अभी महिला वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करना है। अंताल्या में 18 से 23 जून तक होने वाला विश्वकप ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालिफाइंग स्पर्धा है।

भारत के लिए अब तक एकमात्र पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले धीरज बोम्मदेवरा पुरुष रिकर्व वर्ग में शीर्ष पर रहे। तरुणदीप राय, प्रवीण जाधव और मृणाल चौहान पुरुष रिकर्व टीम के अन्य सदस्य हैं। राष्ट्रीय हाई परफोरमेंस निदेशक संजीव सिंह ने कहा, 'यह टीम अस्थायी है (ओलंपिक के लिए) और हम विश्वकप के पहले दो चरणों में उनके प्रदर्शन के आधार पर एक या दो बदलाव कर सकते हैं।

टीम :

रिकर्व पुरुषः धीरज बोम्मदेवरा, तरूणदीप राय, प्रवीण जाधव और मृणाल चौहान।

रिकर्व महिलाः दीपिका कुमारी, भजन कौर, अंकिता भक्त और कोमलिका बारी।

कंपाउंड पुरुषः प्रथमेश फुगे, अभिषेक वर्मा, रजत चौहान और प्रियांश।

कंपाउंड महिलाः ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी, परनीत कौर और अवनीत कौर।

आठ अप्रैल को होगा आरसीए अध्यक्ष पद का चुनाव

जयपुर ।
राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव अगले माह 8 अप्रैल को होंगे। इसके लिए नामांकन 4 अप्रैल से शुरु होगा। आरसीए से वैभव गहलोत के इस्तीफे के बाद से ही धनंजय सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष के तौर पर काम कर रहे थे। वहीं अब स्थायी अध्यक्ष के लिए चुनाव प्रक्रिया अपनाई जा रही है। आरसीए के सचिव की ओर से जारी की गई सूची में धनंजय सिंह खींवसर अध्यक्ष पद के दावेदार हैं। प्रदेश में सरकार बदलने के बाद पिछले महीने फरवरी 2024 में चूरू जिला क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव हुए थे। आरसीए के तत्कालीन अध्यक्ष वैभव गहलोत ने उपाध्यक्ष शक्ति सिंह को चूरू भेज कर चुनाव प्रक्रिया कराई थी।

चुनाव में पराक्रम सिंह राठौड़ चूरू जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए लेकिन आरसीए के सचिव भवानी सिंह सामोता ने इस चुनाव परिणाम को मानने से इनकार कर दिया। आरसीए के चुनाव में प्रदेश के सभी 33 जिला संघों के पदाधिकारी चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन मतदान का अधिकार केवल जिला सचिव के पास है। 33 जिला सचिवों के साथ दो अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गगन खोड़ा और पंकज सिंह भी मतदाता हैं। ऐसे में कुल 35 व्यक्ति मतदान कर सकते हैं। जिला अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी चुनाव तो लड़ सकते हैं लेकिन वे मतदान नहीं कर सकते।15 मार्च को आरसीए सचिव की ओर से वोटर लिस्ट जारी की गई है। अब 27 से 29 मार्च तक वोटर लिस्ट पर आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। 1 और 2 अप्रैल को आपत्तियों पर सुनवाई होगी। 3 अप्रैल को चुनाव अधिकारी फाइनल वोटर लिस्ट जारी करेंगे। इसके बाद 4 अप्रैल को नोटिफिकेशन जारी होगा और इसके साथ ही नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होगी। 7 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे वहीं आठ को मतदान होगा।

सिल्वा के डबल से सिटी सेमीफाइनल में, एफए कप के क्वार्टर फाइनल में न्यूकैसल को 2-0 से पराजित किया

लंदन ।
मैनचेस्टर सिटी लगातार दूसरे सत्र में खिताबों तिकड़ी लगाने की ओर बढ़ गया है। बर्नार्डो सिल्वा के दो गोल की बदौलत मैनचेस्टर सिटी ने 153 साल पुराने टूर्नामेंट एफए कप के क्वार्टर फाइनल मे न्यूकैसल को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पुर्तगाल के अटैकिंग मिडफील्डर सिल्वा ने दोनों गोल खेल के पहले हाफ के 13वें और 31वें मिनट में किए। यह लगातार छठा सत्र है जब सिटी ने एफए कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

कॉवेंट्री 37 साल बाद एफए कप के सेमीफाइनल में

बड़ा उलटफेर दूसरे दर्जे में खेलने वाले कॉवेंट्री ने किया। इस टीम ने वॉल्वरहैंप्टन (वॉल्व्स) को 3-2 से हराकर 37 साल बाद एफए कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कॉवेंट्री 1987 में अंतिम बार एफए कप के सेमीफाइनल में पहुंचा था। तब वह विजेता बना था। एलिस सिम्स और हाजी राइट ने निर्धारित समय पूरा होने के बाद स्टापेज समय में गोल कर कॉवेंट्री को जीत दिलाई। वॉल्व्स एक समय 2-1 से आगे था। हालांकि सिम्स ने 53वें मिनट में गोल कर कॉवेंट्री को बढ़त दिलाई थी। 83वें मिनट में रयान नूरी और 88वें मिनट में ह्यूगो ब्यूनो ने वॉल्व्स के लिए गोल किए थे।

ईपीएल में टॉटेनहेम की 0-3 से करारी हार

इंग्लिश प्रीमियर लीग में टॉटेनहेम के चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है। उसे फुल्हम के हाथों 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। फुल्हम के लिए रोड्रिगो मूनिज ने 42वें और 61वें मिनट में दो गोल किए। सासा लूकिच ने 49वें मिनट में एक अन्य गोल किया। टॉटेनहेम ने इस मैच में चौथे स्थान पर चल रहे एस्टनविला को पीछे छोडने् का मौका हाथ से निकाल दिया। छठे स्थान पर चल रहे मैनचेस्टर यूनाइटेड से टॉटेनहेम अभी भी छह अंक आगे है। दोनों टीमों को अभी 10-10 मैच खेलने हैं। चैंपियंस लीग के लिए ईपीएल की शीर्ष चार टीमें क्वालिफाई करती हैं। अगले सत्र से ईपीएल से शीर्ष पांच टीमें लीग के लिए क्वालिफाई करने की संभावना हैं।

राशिद खान और नबी ने किया धमाकेदार प्रदर्शन, अफगान ने आयरलैंड को रौंदकर हिसाब किया बराबर

नई दिल्ली।
राशिद खान (25 रन और 4 विकेट) और मोहम्मद नबी (59) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान ने दूसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में आयरलैंड को 10 रन से हरा दिया। इस जीत से अफगानिस्तान ने तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर की। दोनों टीमों के बीच तीसरा व अंतिम मैच खेला जाएगा। शारजाह में खेले गए मुकाबले में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 152 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 142 रन बना सकी। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

राशिद के जाल में उलझे आयरिश बैटर्स

153 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड को एंडी बालबिर्नी (45) और कप्तान पॉल स्टर्लिंग (24) ने 49 रन की साझेदारी करके अच्छी शुरुआत दिलाई। नानगेयालिया खरोटे ने स्टर्लिंग को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। राशिद खान ने 9वें ओवर में दो गेंदों में दो विकेट झटके। ओवर की चौथी गेंद पर उन्होंने लोर्कन टकर (10) को फारूकी के हाथों कैच आउट कराया। अगली गेंद पर खान ने हैरी टेक्टर को बोल्ड किया। मोहम्मद नबी ने कर्टिस कैंफर (6) का कैच अपनी ही गेंद पर पकड़कर आयरलैंड को बैकफुट पर धकेल दिया। बालबिर्नी को खरोटे ने एलबीडब्ल्यू आउट करके आयरलैंड को पांचवां झटका दिया। राशिद खान ने 16वें ओवर में पहली और तीसरी गेंद पर विकेट झटके। उन्होंने जॉर्ज डॉकरेल और मार्क एडेर को क्लीन बोल्ड किया।

अफगानिस्तान जीता

गारेथ डेलानी (39) ने नीचे आकर जीतने के लिए संघर्ष किया, लेकिन यह नाकाफी रहा। फारूकी ने आखिरी गेंद पर डेलानी को अटल के हाथों कैच आउट कराया। अफगानिस्तान की तरफ से कप्तान राशिद खान ने 4 ओवर में 14 रन देकर चार विकेट झटके। नानगेयालिया खरोटे को दो सफलताएं मिली। मोहम्मद नबी और फजलहक फारूकी को एक-एक विकेट मिला।

नबी ने जड़ा अर्धशतक, राशिद की तूफानी पारी

पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। लिटिल ने रहमानुल्लाह गुरबाज को बोल्ड किया। मेजबान टीम का मिडिल ऑर्डर का लचर प्रदर्शन देखने को मिला। इब्राहिम जदरान (5), मोहम्मद इशाक (0) और अजमतुल्लाह शाहिदी (0) जल्दी-जल्दी आउट हुए।

मंधाना ने डब्लूयपीएल खिताब जीतकर अहम उपलब्धि अपने नाम की

नई दिल्ली । स्मृति मंधाना ने अपनी कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को महिला प्रीमियर लीग (डब्लूयपीएल) खिताब जिताकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। वहीं विराट कोहली की कप्तानी में पुरुष टीम एक बार भी ये खिताब नहीं जीत पायी थी। फाइनल से पहले मंधाना ने कहा था कि जो आरसीबी की पुरुष टीम के साथ हुआ है। उससे उनकी तुलना न करें दोनो ही बातें अलग हैं। आरसीबी ने मंधाना को तीन करोड़ 40 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा था। वह महिला आईपीएल में बिकने वाली सबसे महंगी खिलाड़ी हैं जिसका लाभ अब टीम को खिताब के रुप में मिला है। मंधाना की नेट वर्थ करीब 33 करोड़ रुपए के आस पास है। मंधाना को बीसीसीआई से सालाना 50 लाख रुपये का रिटेनर मिलता है। इसके अलावा इस क्रिकेटर को प्रत्येक टेस्ट, एकदिवसीय और टी20ई के लिए 4 लाख, 2 लाख और 2.5 लाख रुपये मिलते हैं। मंधाना को ब्रांड एनडोर्समेंट से भी अच्छी कमाई होती है। वह बूस्ट, हीरो मोटोकोर्प जैसी और भी कंपनी का विज्ञापन करते हुए भी नजर आती है। मंधाना ने टेस्ट मैच में डेब्यू साल 2014 में इंग्लैंड के खिलाफ किया था।. इसमें उन्होंने टीम को जिताने में मदद की थी जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मैच में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया। उन्होंने एकदिवसीय में डेब्यू बांग्लादेश के खिलाफ 10 अप्रैल 2013 को किया था।

दुबलापन भी हो सकता है तनाव का कारण

सियोल, एजेंसी। मोटापा और कुपोषण अवसाद का कारण बन सकते हैं, लेकिन बहुत पतली महिलाएं भी पुरुषों की तुलना में अवसाद के प्रति ज्यादा संवेदनशील हो सकती हैं। वैज्ञानिकों ने एक नए अध्ययन में यह बताया है।

स्किनी जींस और छोटे आकार के कपड़े भले ही पतली महिलाओं को अच्छी तरह से फिट हो जाते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य पर दुबलेपन का नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वैज्ञानिकों ने अध्ययन में बताया कि पतली महिलाओं को अवसाद का खतरा ज्यादा होता है। दक्षिण कोरिया के सियोल नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिसिन के शोधकर्ताओं ने पतली महिलाओं और पुरुषों की नकारात्मक सोच पर अध्ययन किया और बताया कि मोटे लोगों में अवसाद के विपरीत पतली महिलाओं में इसकी संभावना ज्यादा रहती है।

ब्रिटेन के जर्नल साइकाइट्री में छपे शोध के मुताबिक, अवसादग्रस्त होने पर वजन गिर सकता है या यह हो सकता है कि पतले होने से अवसाद का खतरा बढ़ता हो। शोधकर्ताओं का कहना है कि समकक्ष पुरुष से बार-बार पतली महिलाओं की तुलना होने की वजह से उन्हें मनोवैज्ञानिक संकट का सामना करना पड़ता है, जो बाद में अवसाद का कारण बन सकता है।

183 महिलाओं पर अध्ययन पर शोधकर्ताओं ने पाया कि कम वजन और मोटापाग्रस्त लोग दोनों में ही अवसाद का जोखिम ज्यादा मिला।

शोधकर्ताओं ने कहा, अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के लिए वजन ठीक होना बहुत जरूरी है। रॉयल कॉलेज के मनोचिकित्सक डॉ. एग्नेस अयटन का कहना है कि जिन लोगों को लगता है कि वजन कम करने से उनकी खुशी में सुधार होगा, ऐसे लोगों को सही जानकारी देने में यह अध्ययन महत्वपूर्ण है। खाने को लेकर लोगों में फैली ऐसी तमाम भ्रांति को यह अध्ययन दूर करता है।

आहार

स्वादिष्ट और सेहतमंद पीनट बटर देता है भरपूर एनर्जी

आज के दौर में फिट और हेल्दी रहना बिल्कुल भी नामुमकिन नहीं है। आपको बाजार में हर चीज के विकल्प आसानी से मिल जाते हैं। सेहतमंद रहने और बीमारियों से बचने के लिए अच्छा खान-पान बेहद जरूरी है। लेकिन मुश्किल ये है कि बहुत कम लोग ही खान-पान में सही चीजों का चयन करते हैं। योंकि खाने का सेहतमंद और पौष्टिक होने के साथ-साथ टेस्टी और यमी होना भी तो जरूरी है।

अरे भई...आखिर पेट है कि मानता ही नहीं, मांगता है तो बस स्वाद...स्वाद...और स्वाद।

लेकिन कैसा हो अगर पेट की भी जरूरत पूरी हो और आपकी भी। आजकल मार्केट में हर चीज का पौष्टिक वर्जन मौजूद है। जैसे ब्राउन राइस, डार्क चॉकलेट, पीनट बटर, होल व्हीट ब्रेड, मल्टी ग्रेन आटा, केनोला और ऑलिव ऑयल आदि।

हमारे दिन की शुरुआत हेल्दी ब्रेकफास्ट के साथ होने से ज्यादा बेहतर कुछ नहीं होता। इसके लिए आपको बहुत ज्यादा तामझाम करने की जरूरत नहीं है। आप नाश्ते में होल व्हीट ब्रेड से बने सैंडविच या टोस्ट खा सकते हैं। ध्यान रहे, आप ब्रेड में सिर्फ पीनट बटर ही लगाएं। अेसर हम देखते हैं बच्चे मेखन और ब्रेड बड़े चाव से खाते हैं। लेकिन व्हाइट ब्रेड और साधारण मेखन सेहत के लिए हानिकारक होता है। इसलिए आप आज से ही पीनट बटर का प्रयोग करें। पीनट बटर स्वादिष्ट होने के साथ ही बहुत यमी और क्रंची भी होता है।

अेसर लोगों को पीनट बटर के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं होती। लोग पीनट बटर खाने के स्वास्थ्य लाभों से अंजान रहते हैं। यह बच्चों के साथ-साथ बड़ों के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है।

ऐसे बनता है पीनट बटर

पीनट बटर मूंगफली और वेजिटेबल आइल्स से मिलकर बनाया जाता है। इसमें पोटेशियम, मैगनीशियम, फाइबर, प्रोटीन, हेल्दी फैट्स के साथ कई अन्य पोषक तत्व शामिल होते हैं। पीनट बटर में अनसेचुरेटड फैट की मात्रा ज्यादा होती है, जिससे हमारे दिल और दिमाग को बीमारियों से संरक्षण मिलता है।

अच्छी सेहत के लिए खाएं पीनट बटर

पीनट बटर हमारी सेहत के लिए मानो वरदान है। इसमें मौजूद कई पोषक तत्व बीमारियों को दूर भगाने में मदद करते हैं। रोजाना संतुलित मात्रा में इसे खाने से आप तमाम रोगों से निजात पा सकते हैं। जानें पीटर बटर के फायदे।

1. पेट से संबंधित बीमारियां भगाएं
2. हड्डियों को मजबूत बनाएं
3. एनर्जी बढ़ाए, फुर्तीपन लाएं
4. दिल को बीमारियों से बचाएं
5. दिमाग का विकास करें
6. वजन कम करने में लाभदायक

जरा संभलकर

1. इसमें कोई दो राय नहीं कि पीनट बटर में पोषक तत्वों की भरमार है। लेकिन ध्यान रहे इसे पर्याप्त मात्रा से अधिक ना खाएं। क्योंकि इसमें फैट होता है जो कि आपके पेट की चर्बी को बढ़ा सकता है।
2. संतुलित मात्रा में पीनट बटर का इस्तेमाल दिल को सेहतमंद बनाने में कारगर है।
3. अगर आपको मूंगफली खाने से एलर्जी हो तो पीनट बटर खाने से बचें।

रिश्तों में प्रेम और विश्वास बढ़ाने के लिये ध्यान रखें ये बातें

सुखी दांपत्य के लिए जरूरी है एक-दूसरे से प्रेम और विश्वास करना। आपस में प्रेम और विश्वास पैदा करने के लिए जरूरी है छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखा जाए...

सुबह का समय

प्रतिदिन सुबह के समय थोड़ा सा टाइम अपने साथी के साथ अवश्य बिताएं। यह समय सुबह पेपर पढ़ने के दौरान का हो सकता है या नाश्ते के समय का भी। रिलेशनशिप ऐसपर्ट डॉ. शालिनी शर्मा कहती हैं कि सुबह के समय साथ में बिताया गया दस मिनट का क्वालिटी टाइम दिन के साठ मिनट से अधिक महत्वपूर्ण होता है। सुबह के समय मन भी शांत होता है और पूर्ण आराम की अवस्था में होता है। इस दौरान महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने से लेकर हल्की-फुल्की चर्चा भी की जा सकती है।

किचन में हेल्प

रिलेशनशिप ऐसपर्ट डॉ. मोहिनी कहती हैं कि भले ही आपको कुछ बनाना आता हो या न आता हो, लेकिन कभी-कभार किचन में जाकर अपने साथी की हेल्प करने की कोशिश करें। हालांकि एक बात जरूर याद रखें कि पहले अपने साथी की राय जरूर ले लें कि उसको आपका साथ चाहिए या नहीं। यदि आपका साथी किचन में आपसे हेल्प नहीं लेना चाहता है तो फिर किचन में जाने का कोई फायदा नहीं। इससे आपस में प्रेम बढने के बजाय आपसी मनमुटाव भी बढ़ सकता है।

मेमोरी लेन

वैसे तो यह सही कहा गया है कि बीती बातों पर चर्चा नहीं करनी चाहिए, लेकिन यदि बीती बातें मन में खुशी का संचार करती हों तो ऐसी बीती बातों पर अवश्य चर्चा करें। रिलेशनशिप ऐसपर्ट डॉ. मोहिनी शिंदे कहती हैं कि ऐसी मेमोरी लेन पर जाना फायदेमंद रहता है, जहां की बातें आप दोनों के मूड को फ्रेश कर देती हों। ये बातें शादी के पहले की भी हो सकती हैं और बाद की भी।

प्रशंसा करना

रिलेशनशिप ऐसपर्ट डॉ. शालिनी कहती हैं कि या आपको याद है कि वास्तव में आपने अपने साथी की दिल से कब तारीफ की थी? यदि आपका जवाब हां है तो तब तो कोई बात नहीं, लेकिन यदि आपको यह बात याद नहीं आ रही है तो थोड़ा सचेत हो जाएं। साथी की तारीफ करने से आपसी संबंधों में और मजबूती आती है। इसलिए समय-समय पर उसके बनाए भोजन की, उसके ड्रेसिंग सेंस की, उसके मेकअप की प्रशंसा अवश्य करें।

प्यार में संतुलन रखें

रिलेशनशिप एक्सपर्ट डॉ. राधिका दास गुप्ता कहती हैं कि रिश्ते में एक-दूसरे की परवाह करनी चाहिए, लेकिन आपको उनकी कितनी परवाह है यह जताने के लिए हर घंटे एसएमएस या फोन करना जरूरी नहीं है। अपने साथी को इस बात की पूरी आजादी दें कि वह अपनी जिंदगी खुलकर जिए, पर ऐसा न हो कि बाकी बातों की उसे परवाह ही न रहे। इसीलिए कहा जाता है कि रिश्ते में संतुलन बनाकर चलना चाहिए।

साथ-साथ टहलें

रिलेशनशिप एक्सपर्ट डॉ. मोहिनी कहती हैं कि आप दोनों कितने भी व्यस्त रहते हों, लेकिन सुबह या शाम जब भी मौका मिले, साथ-साथ टहलने की आदत डालें। इससे न सिर्फ आप दोनों की सेहत सही रहेगी, बल्कि हल्की-फुल्की बातों पर चर्चा करने का समय भी मिलता रहेगा।

बच्चों पर बहस नहीं

रिलेशनशिप एक्सपर्ट डॉ. शालिनी कहती हैं कि दांपत्य में कभी-कभी बच्चों की बातों को लेकर भी खटास आ जाती है। इसलिए पहले उन स्थितियों को समझने का प्रयास करें, जिनकी वजह से वह बात घटित हुई हो। फिर आपस में चर्चा करें।

योग्यता का स्वागत

रिलेशनशिप ऐसपर्ट डॉ. मोहिनी कहती हैं कि यह जरूरी नहीं कि दोनों समान रूप से योग्य हों। अगर किसी की भी योग्यता अधिक है तो एक-दूसरे से जलने या उसका उपहास करने के बजाय उसकी तारीफ करें। अपने को खुशनसीब समझें कि आपको ऐसा साथी मिला है, जो दूसरों के मुकाबले बहुत बेहतर है। संबंधों की मजबूती के लिये ये बहुत महत्वपूर्ण है।

क्रोध पर काबू

रिलेशनशिप ऐसपर्ट डॉ. शालिनी कहती हैं कि किसी भी बात या घटना को लेकर जब भी क्रोध आए तो अपने दिमाग पर थोड़ा संयम रखें। कारण, क्रोध की स्थिति में हमारा दिमाग सही ढंग से कार्य नहीं करता है। क्रोध में कोई ऐसी बात न कहें, जिसके लिए बाद में आपको पछताना पड़े। समझौता जरूरी है रिलेशनशिप ऐसपर्ट डॉ. मोहिनी कहती हैं कि कोई भी रिश्ता हो समझौता बहुत महत्व रखता है। दांपत्य जीवन में तो यह सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि आप किसी बात पर अपने साथी से असहमत हैं तो भी ठंडे दिमाग से समस्या पर बातचीत करें। प्रत्येक सफल रिश्ते में विचारों का आदान-प्रदान सकारात्मक भूमिका निभाता है।

हेल्थ अलर्ट

अगर दांतों को लंबे समय तक रखना है मजबूत...

आपको यह जानकर हैरानी होगी कि दांत हमारे शरीर का ऐसा भाग हैं, जो खुद को हील यानी रिपेयर या ठीक नहीं कर सकते. शरीर के ज्यादातर अंगों में खुद को स्वयं हील करने की ताकत होती है. लेकिन दांतों के पास ऐसा विकल्प नहीं. इसलिए दांतों को हेल्दी रखने के लिए हमारे पास एकमात्र विकल्प है उनकी देखभाल. आईए जानते हैं कि किन तरीकों से हम अपने दांतों को लंबे समय तक रख सकते हैं सुरक्षित-

» - दांतों की सफाई के दौरान लॉस या इंटरडेंटल ब्रश का इस्तेमाल करें. हल्के हाथों से दिन में एक बार दांतों के ऊपर और नीचे के हिस्से की सफाई करें. रात में लॉस का इस्तेमाल करना ज्यादा उपयुक्त होता है.

» - दांतों की सफाई के लिए लोराइड युक्त टूथपेस्ट का इस्तेमाल करें, यह दांतों पर इनेमल की परत बरकरार रख कैविटी को हटाता है.

» -शीतल पेय, पैक फलों के जूस, अधिक चीनी युक्त भोजन और अेलीय जूस का सीमित मात्रा में ही सेवन करें. कैंडी और चॉकलेट ज्यादा मात्रा में नहीं खाएं.

» -दंत चिकित्सक की सलाह से हर छह महीने या साल में एक बार दांतों की सफाई (स्केलिंग) जरूर कराएं. इससे मसूड़े स्वस्थ और मजबूत रहेंगे. दांतों में अगर कैविटी बन रहा है तो तुरंत पता चल जाएगा और अन्य प्रकार की बीमारियों से भी दांत सुरक्षित रहेंगे.

» -दांतों का प्रत्यारोपण कराने वालों को नियमित रूप से हर साल सफाई कराने के लिए दंत चिकित्सक के पास जाना चाहिए.

» -कृत्रिम दांतों (डेंचर्ज) को साफ करने के लिए टूथपेस्ट का इस्तेमाल नहीं करें. नल के बहते पानी के नीचे सौ य साबुन से इसे साफ करें. नियमित रूप से डेंचर्स की सफाई करें.

खाली पेट गुनगुने पानी में मिलाकर पीएं ये 2 चीजें, मिलेंगे कई फायदें!

कहते हैं अगर दिन की शुरूआत अच्छी न हो तो सारा दिन बेकार निकलता है। दिनभर फ्रैश रहने के लिए बहुत जरूरी है जल्दी उठना और हैल्थी ब्रेकफास्ट खाना। अगर सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में शहद और नींबू डालकर पीया जाएं तो सारा दिन शरीर को एनर्जी मिलती है। यहीं नहीं, इससे वजन भी कम होता है। ऐसे में इसे रोजाना खाली पेट पीएं। आज हम आपको बताते हैं कि गुनगुने पानी में शहद और नींबू मिलाकर पीने से या फायदे मिलते हैं।

-» इस ड्रिंक का सेवन करने से हाजमा ठीक रहता है। रोजाना इसका सेवन करने से पेट संबंधित समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

-» दरअसल, यह एक तरह की एनर्जी बूस्टर ड्रिंक है। इसे पीने से सारा दिन शरीर को एनर्जी मिलती है। साथ में मूड भी ठीक रहता है।

-» सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू और शहद मिलाकर पीने से मुंह से बदबू नहीं आती। दरअसल, नींबू पीने से मुंह के सभी बैटीरिया मर जाते हैं और मुंह से संबंधित कई बीमारियों दूर होती है।

» - शहद और नींबू को गर्म पानी में मिलाकर पीने से सेहत और यूटी संबंधित कई फायदे मिलते है। इससे खून साफ होता है जिससे त्वचा चमकदार बनती है।

-» इस ड्रिंक का रोजाना सेवन करने वजन कंट्रोल में रहता है। अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं तो रोजाना इस ड्रिंक का सेवन करें।

नए शहर में इन चुनौतियों का करना पड़ता है सामना

किसी के लिए भी अपना घर छोड़ना आसन नहीं होता. हम अपनी पुरानी जगह के इतने आदि हो चुके होते हैं कि हमें उसके सिवाए कोई और जगह अच्छी ही नहीं लगती. वहां का माहौल, सुविधाएं हम चाहकर भी दूसरी जगह पर तलाश नहीं पाते. ऐसे में अगर दूसरी जगह शिट होना पड़े तो मानों सिर पर पहाड़-सा टूट पड़ता है. इतना ही नहीं जमे-जमाए घर को दूसरी जगह ले जाने बेहद मुश्किल होता है. आइए जानते हैं इस दौरान किन-किन समस्?याओं का सामना करना पड़ता है.

नई जगह पर फिट होना

अगर आप अपना घर छोड़कर पीजी में शिफ्ट हो रहे हैं तो उस जगह के नियम, कायदे और कानूनों को मानना काफी मुश्किल हो जाता है. पीजी में अकसर खाने का एक तय किया हुआ समय होता है. ऐसे में अगर आप इस समय पर खाने के लिए नहीं पहुचते तो आपका भूखा ही रहना होगा. यही नियम पीजी में आने और जाने पर भी लागू किया जाता है. बेहतर होगा कि इसके लिए आप पहले से तैयारी कर लें.

पैकिंग है भारी मुसीबत

नई जगह पर जाने के लिए हमें अपने सामान को एक बार फिर बांधना पड़ता है. सारे सामान को समेटना काफी मुश्किल होता है. सामान को एक पैकेट में रखना, सामान पैक करना बेहद कठिन काम होता है. यह सबसे मुश्किल और थका देने वाला काम होता है. इतना ही नहीं नए घर में जाना और सारा सामान सैट करना पहाड़ पर चढ़ने जैसा काम है. इसके लिए आप पैंकिग सर्विसेज जैसे मूवर्स एंड पैकर्स की मदद ले सकते हैं.

अकेलापन महसूस होना

नई जगह, नए लोग... हर किसी के लिए सब कुछ इतना अलग हो जाता है कि लोग चाहते हुए भी नई जगह पर एडजस्ट नहीं कर पाते.

यही कारण है कि उनका मन अपने इस नए घर में नहीं लगता. वह बार-बार उसी पुरानी जगह के बारे में सोचते रहते हैं. ऐसे में आप गुगल मैप्स की मदद ले सकते हैं.

नए नैटवर्क का चयन

आप जिस जगह पर शिट हो रहे हैं वहां पर आपके फोन का नैटवर्क सही से काम करेगा, ये जरूरी नहीं है. इसके अलावा बोरियत से बचने के लिए केबल कनेशन को भी पहले से फिट करवा लें.

पानी के हैं नुकसान भी, जानें कि पानी कब पीएं, कब न पीएं



हमारा शरीर 70 फीसदी पानी से बना है. इसलिए हमारे लिए पानी बेहद महत्वपूर्ण है. हर डॉटर सलाह देता है कि जितना हो सके ज्?यादा पानी पीएं. तो कुछ सलाह देते हैं कि अपने शरीर की जरूरत के हिसाब से पानी पीएं. आईए जानते हैं कि पानी से जुड़ी हमारे शरीर की वास्तविक जरूरत आखिर है कितनी और कैसी...

कब पीएं

जब भी आपको प्यास लगी हो, तो उसे रोक कर न रखें. प्यास उस समय लगती है, जब शरीर खुद में पानी की कमी महसूस करता है. ऐसे में दिमाग हमें प्यास लगने का मैसेज भेजता है. इसलिए जब भी आपको प्यास लगे, तो समझ जाएं कि आपके शरीर को तुरंत पानी की जरूरत है.

खाना खाने से करीब तीस मिनट पहले पानी पीएं. और अगर आप खाना खाने के बाद पानी पीना चाहते हैं, तो कम से कम एक घंटे के अंतराल के बाद ही पानी पीएं.

अगर आप अपने शरीर की पानी की जरूरत को समझना चाहते हैं, तो आपको अपने मूत्र पर ध्यान देना होगा. अगर वह पीले रंग का है, तो इसका मतलब है कि आपके शरीर को पानी की जरूरत है. ऐसे में पानी पीएं. जब वह साफ और पानी जैसा ही पारदर्शी हो तो समझ जाएं कि आपके शरीर की पानी की जरूरत पूरी हो रही है और आप पूरी तरह से हाइड्रेटिड हैं.

-» अगर आपको हाई लड प्रेशर, बुखार, केज, गैस, लू, पेशाब में जलन या इन्फेशन की शिकायत है, तो आपको ज्यादा पानी पीने की जरूरत है.

-» उल्टी या दस्त होने जैसी स्थिति में भी ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं.

कब न पीएं

यह सबसे जरूरी बात है. पानी कब न पीएं इस बात का पता होना ही चाहिए. अेसर हम जरूरत से ज्यादा पानी पी लेते हैं. यह भी ठीक नहीं है.

-» जब भी आपने कुछ गर्म आहार या तरल पदार्थ लिए हों, तो उसके तुरंत बाद पानी नहीं पीना चाहिए.

-» खाना खाने के तुरंत बाद पानी न पीएं.

-» गर्मियों में खाएं जाने वाले ऐसे फल और सेंजियां, जिनमें भरपूर मात्रा में पानी होता है जैसे खीरा, खरबूजा, तरबूजा या ककड़ी खाने के बाद पानी न पीएं.

-» आज की भागमभाग भरी जिंदगी में धूप से सामना तो हम सब का हो ही जाता है. इस बात का ध्यान रखें कि अगर आप धूप में चलकर घर या ऑफिस पहुंचे हैं, तो तुरंत पानी न पीएं. कुछ देर इंतजार करें.

रेसिपी

क्विक ब्रेड स्नैक

सामग्री

12 ब्रेड स्लाईस, 2 टेबल-स्पून तेल, 2 टी-स्पून सरसों, 1 टेबल-स्पून बारिक कटी हुई हरी मिर्च

1 टी-स्पून बारीक कटा हुआ अदरक, 1 कप बारीक कटा हुआ प्याज, 1/2 कप बारीक कटे हुए टमाटर, 1/4 कप टमैटो कैचप, 1/2 किलो नींबू का रस, नमकस्वादअनुसार, 2 टेबल-स्पून 2 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया,

विधि

ब्रेड स्लाईस को पानी मे भिगोकर तुरंत निकाल लें। दबाकर सारा पानी निकाल लें और अच्छी तरह चुरा बना लें। एक तरफ रख दें। कढ़ाई मे तेल गरम करें और सरसों डालें। जब बीज चटकने लगे, हरी मिर्च और अदरक डालकर मध्यम आंच पर कुछ सेकेन्ड तक भून लें। प्याज डालकर मध्यम आच पर 2 मिनट तक भूने। टमाटर डालकर मध्यम आंच पर बीच-बीच मे हिलाते हुए 1 मिनट तक पकाएं। ब्रेड का चुरा, टमॅटो कैचप, नींबू का रस, नमक और छनिया डालकर अच्छी तरह मिला लें और बीच-बीच मे हिलाते हुए 2 मिनट मध्यम आंच पर पका लें। तुरंत परोसें।

ओट्स एण्ड रोस्टड कॅप्सिकम् सूप

सामग्री

5 टेबल-स्पून क्विक कुकिंग रोल्ड ओट्स
2 लाल शिमला मिर्च
2 कप कटे हुए टामटर
2 तेजपत्ता
1 लहसुन की कली
1 टी-स्पून सूखी लाल मिर्च के फ्लैक्स
नमक स्वादअनुसार

विधि

प्रत्येक शिमला मिर्च को कांटे से फंसाकर, खूली आंच पर उनके सबी तरफ से काला होने तक भून लें। ठंडा कर धो लें और छिल्का, डंडी और बीज निकालकर काट लें। एक तरफ रख दें। टमाटर, तेजपत्ता और लहसुन को 21/2 कप पानी के साथ एक गहरी नॉन-स्टिक कढ़ाई में मिला लें और 10 मिनट के लिए मध्यम आंच पर, बीच-बीच में हिलाते हुए या टमाटर के नरम होने तक पका लें। तेज़पत्ता निकाल लें। आंच से हटाकर पुरी तरह ठंडा कर लें। पकने के बाद, शिमला मिर्च और टमाटर को मिलाकर, मिक्सर में पीसकर मुलायम मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को एक गहरे नॉन-स्टिक पैन में निकाल लें, लाल मिर्च के फ्लैक्स, नमक और 1/2 कप पानी डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर, बीच-बीच में हिलाते हुए 2-3 मिनट के लिए पका लें। भूने हुए ओट्स डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर, बीच-बीच में हिलाते हुए 1 मिनट के लिए पका लें। तुरंत परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**